# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार,24 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 351, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ हरतालिका तीज,सौभाग्य की प्राप्ति का है यह पर्व

66 की उम्र में नीना गुप्ता का शार्ट्स लुक,ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब ◀ 6


# पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हाउस अरेस्ट, आज रिम्स-2 की जमीन पर चलाने वाले थे हल



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन को रांची स्थित उनके आवास से हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। सूत्रों के हवाले से ये खबर सामने आ रही है।

सूत्रों के मुताबिक चंपाई सोरेन पर यह कार्रवाई सदर डीएसपी ने की है। कहा जा रहा है कि चंपाई सोरेन रिम्स-2 जमीन विवाद को लेकर आज नगड़ी में हल चलाने वाले थे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों की जुटने की उम्मीद थी। इसलिए उन्हें उनके निवास से बाहर जाने से रोक दिया गया है। वहीं, रिम्स-2 की जमीन के पास पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है।

**क्या है मामलाः** रिम्स-2 के लिए सबसे पहले कांके के सुकुरहुटू में 102 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी थी। लेकिन विवाद के बाद नगड़ी में जमीन का चयन किया गया। नगड़ी में भी विरोध शुरू हो गया। पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी फिर सत्तारूढ़ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की और अब पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस विरोध में ग्रामीणों का साथ दिया।

जमीन की घेराबंदी किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोशः नगड़ी और आसपास के गांवों में रिम्स-2 के लिए चिन्हित जमीन पर खेती करने से रैयतों को रोके जाने और कांटेदार तारों से घेराबंदी किये जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के आह्वाहन पर ग्रामीण कई दिनों से आंदोलन की तैयारी में जुटे हैं। समिति ने आसपास के गांव में किसानों को इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का न्योता दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बहुत पहले जमीन का अधिग्रहण किया गया था, पर जब यहां कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ, तो इस जमीन पर स्वाभाविक दावा रैयतों का है।

# भारतीय क्रिकेट में एक और युग का अंत चेतेश्वर पुजारा ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

## पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा, सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

**नई दिल्लीः** भारतीय स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। पुजारा ने 24 अगस्त रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने संन्यास की घोषणा की। 37 वर्षीय पुजारा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर बेस्ट देने की कोशिश करना, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। लेकिन जैसा कहते हैं, हर अच्छी चीज का अंत होता है। मैं दिल से आभारी हूं और सभी प्रारूपों से क्रिकेट को अलविदा करने का फैसला लिया है।

पुजारा ने आगे लिखा, राजकोट के छोटे से कस्बे से एक छोटे से लड़के के रूप में, अपने माता-पिता के साथ, मैंने सितारों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा। तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा। अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार, और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका। मैं बीसीसीआई और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को अपने क्रिकेट करियर के दौरान मिले अवसर और



समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रैंचाइज़ियों और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैंने इतने सालों तक प्रतिनिधित्व किया। पुजारा ने अपने करियर में मिले सभी टीमों के कोचों का भी आभार व्यक्त किया।

चेतेश्वर पुजारा ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, खेल की वजह से मैं दुनियाभर में पहुंचा और इस दौरान प्रशंसकों का जोशीला समर्थन और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रही। जहां भी मैंने खेला है, वहां बहुत समर्थन मिला और हमेशा मैं इसका आभारी रहूंगा। अपने पोस्ट में परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि उनके योगदान ने उनके सफर को सार्थक बनाया। उन्होंने लिखा, यह सब मेरे परिवार, मेरे माता-पिता, पत्नी पूजा और बेटी अदिति, मेरे ससुराल वालों और मेरे बाकी परिवार के त्याग और सहयोग ने मेरे सफर को सार्थक बनाया। मैं अगले पड़ाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

बता दें कि 37 वर्षीय पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले। 103 टेस्ट की 176 पारियों में पुजारा ने 7195 रन बनाए, इसमें 19 शतक और 35 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं। पुजारा का टेस्ट सफर शानदार रहा, हालांकि वह काफी समय से टीम में जगह नहीं बना पा रहे थे। पुजारा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला साल 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेला था।

## भारत ने एयर डिफेंस प्रणाली का किया हथियार परीक्षण

# फाइटर जेट, ड्रोन, हेलीकॉप्टर को मार गिराने में सक्षम



**नई दिल्ली :** भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस हथियार प्रणाली (आईएडब्ल्यूएस) का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण भारत के एयर डिफेंस सिस्टम व क्षमता को एक नए युग में ले जाने वाला साबित हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह उपलब्धि भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल करती है जिनके पास आधुनिक, स्वदेशी और बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली मौजूद है। आईएडब्ल्यूएस एक बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है जिसमें पूरी तरह स्वदेशी क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम), एडवांस्ड वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें तथा एक उच्च शक्ति वाला लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार शामिल है। इस महत्वपूर्ण परीक्षण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को आईएडब्ल्यूएस के सफल विकास के लिए बधाई देता हूँ। यह अनूठा उड़ान परीक्षण हमारे देश की बहु-स्तरीय एयर डिफेंस क्षमता को स्थापित करता है। यह महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा को मजबूती देगा व देश को शत्रु के हवाई खतरों के प्रति और अधिक सशक्त बनाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार सुबह जानकारी देते हुए बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 23 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजकर 30 मिनट पर ओडिशा तट से इस एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का सफल पहला उड़ान परीक्षण किया है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत ने मिलकर देश की सुरक्षा क्षमता को नई मजबूती प्रदान की है। गौरतलब है कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह परीक्षण डीआरडीओ ने किया है। दरअसल आईएडब्ल्यूएस एक बहु-स्तरीय एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इसमें क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल शामिल हैं। यह मिसाइल दुश्मन के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों को मध्यम दूरी पर निशाना बनाने में सक्षम है। इसके अलावा इसमें लगा एडवांस्ड वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम कम ऊँचाई पर आने वाले हवाई खतरों जैसे ड्रोन, हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट्स को तुरंत निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है। यानी भारत के इस एयर डिफेंस सिस्टम से दुश्मन के लड़ाकू विमानों, किसी भी प्रकार के ड्रोन हमले, हेलीकॉप्टर से किए जाने वाले हमले और अन्य किसी भी प्रकार के हवाई हमले को न केवल निष्क्रिय किया जा सकता है, बल्कि दुश्मन के इन हथियारों को हवा में ही मार गिराया जाएगा। इसके हथियार निर्देशित ऊर्जा हथियार से लैस हैं। उच्च शक्ति वाला लेजर आधारित यह हथियार आधुनिक युद्ध की दिशा बदलने में सक्षम है और शत्रु के हवाई लक्ष्यों को पलक झपकते ही नष्ट कर सकता है। इस उड़ान परीक्षण ने भारत की मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस क्षमता को स्थापित कर दिया है। यह प्रणाली किसी भी हवाई खतरे से निपटने में सक्षम है। विशेषज्ञों के मुताबिक चाहे वह फाइटर जेट हो, ड्रोन, हेलीकॉप्टर, या क्रूज मिसाइल हो, यह भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम सभी को अलग-अलग स्तर पर रोकने में सक्षम होगा। इससे देश की सुरक्षा को नई मजबूती मिली है। सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान ने इस सफलता पर डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई दी है।

# बिहार में एसआईआर प्रक्रिया अंतिम चरण में, अब तक 98. 2 प्रतिशत मतदाताओं ने जमा किए दस्तावेज

**नई दिल्ली :** बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया अंतिम चरण में है। दावे, आपत्तियां और दस्तावेज जमा करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक चल रही है, जिसकी समाप्ति में अभी 8 दिन शेष हैं। रविवार को आयोग ने जानकारी दी कि बिहार की एसआईआर निर्धारित समय पर है। प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा 25 सितंबर तक किया जाएगा। जांच के बाद अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।




चुनाव आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अब तक 98।2 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने दस्तावेज जमा किए हैं। आयोग ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया में जुटे तमाम अधिकारियों और बीएलओ से लेकर लाखों स्वयंसेवकों की सराहना की है।

आयोग के अनुसार, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा इस प्रक्रिया में 38 जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, 243 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 2,976 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 90,712 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), लाखों स्वयंसेवकों और सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों, जिनमें उनके जिला अध्यक्ष और 1।60 लाख बीएलए की भागीदारी रही।

चुनाव आयोग का कहना है कि दावे और आपत्तियों की अवधि मतदाताओं को यह अवसर प्रदान करती है कि वे प्रारूप निर्वाचक नामावली में त्रुटि सुधार सकें और वे जरूरी दस्तावेज जमा करें, जो नामांकन फॉर्म भरते समय नहीं दिए गए थे। बिहार के सीईओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 98।2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं।

आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 24 जून से 24 अगस्त के बीच महज 60 दिनों में औसतन प्रति दिन 1।64 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने दस्तावेज जमा किए। अभी भी 8 दिन शेष हैं और सिर्फ 1।8 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज जमा होने बाकी हैं। आयोग ने उम्मीद जताई कि बीएलओ और स्वयंसेवकों की मदद से बाकी मतदाताओं के दस्तावेज संबंधी कार्य भी निर्धारित समय से पहले पूरे हो जाएंगे।

24 जून के एसआईआर के आदेशों के अनुरूप, संबंधित 243 ईआरओ और 2,976 एईआरओ की ओर से दस्तावेजों का सत्यापन भी एक साथ किया जा रहा है।

विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग को मसौदा सूची में शामिल 7।24 करोड़ मतदाताओं में से अब तक 0।16 प्रतिशत दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। बिहार के 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए से 10 दावे और आपत्तियां, जबकि अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मतदाताओं की 1,21,143 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के किसी व्यक्ति की ओर से कोई दावा नहीं पेश नहीं किया गया है। 3,28,847 नए मतदाता, जिन्होंने 1 जुलाई को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर ली है या 1 अक्टूबर को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर लेंगे, उन्होंने भी अपना फॉर्म 6 और घोषणा पत्र जमा कर दिया है। बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने एसआईआर के जरिए मतदाता सूची को ठीक करने की दिशा में कदम उठाए। 24 जून से 25 जुलाई तक गहन नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की।

## उग्रवादियों ने एक साथ छह गाड़ियों में लगाई आग



**हजारीबागः** जिले में चरही थाना अंतर्गत सीसीएल के तापीन नॉर्थ परियोजना में उग्रवादियों ने छह गाड़ियों में आग लगा दी। जिसमें पोकलेन, हाइवा समेत छह गाड़ियां पूरी तरह जल गए हैं। ये घटना शनिवार देर रात बारह से एक बजे की है। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर टीपीसी के नाम से एक पर्चा भी छोड़ा है।

बताया जा रहा है कि उग्रवादियों ने पहले वाहन से तेल निकाला और फिर व्यू प्वाइंट पर खड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस की गाड़ियों और मशीनों में आग लगा दी। आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस पिछले चार वर्षों से कोयला खनन करने का काम करती आ रही है। उग्रवादियों ने तृतीय प्रस्तुति कमेटी टीपीसी के नाम पर एक पत्र भी छोड़ा है। जिसमें कहा गया है कि परियोजना के तहत काम करने वाले सभी कंपनी को सूचित किया जाता है कि जब तक संगठन से बात नहीं हो जाती है, तब तक सभी लोग अपना-अपना काम बंद रखेंगे। जो भी इसकी अवहेलना करेगा तो परिणाम बुरा होगा। यह पत्र गुरुदेव जी के नाम पर जारी की गई है। इस घटना के बाद चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि उग्रवादियों ने छह वाहनों में आग लगा दी है। पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है। जिन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## पुतिन ही नहीं,जेलेंस्की भी करेंगे भारत का दौरा, ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच भारत की गजब की डिप्लोमेसी



**नई दिल्ली :**भारत की रणनीतिक कूटनीति एक बार फिर वैश्विक मंच पर चर्चा का विषय बन गई है। एक ओर भारत रूस के साथ पारंपरिक मित्रता को मजबूत कर रहा है, तो दूसरी ओर यूक्रेन के साथ भी संतुलित और सहयोगी संबंधों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के चलते रूस और यूक्रेन–दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के इस साल भारत दौरे की संभावनाओं ने अमेरिका की बेचैनी को और बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर नाराजगी जाहिर करते हुए अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। यह कदम भारत और रूस के बीच गहराते संबंधों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने अब कुल मिलाकर भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल के अंत में भारत दौरे पर आ सकते हैं।

# अररिया पहुंचकर मोदी सरकार पर जमकर बरसे राहुल गांधी, चुनाव आयोग को बताया 'चुनावी चूक'

**अररियाः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान बिहार के पूर्णिया से अररिया पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार 'वोट चोरी' का प्रयास कर रही है।

**भाजपा सरकार पर राहुल का तीखा हमलाः** अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से गरीबों के वोट चुराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस



प्रक्रिया को चुनाव आयोग के समर्थन से 'वोट चुराने का एक संस्थागत तरीका' बताया। गांधी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी सरकार।।। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण करने के बाद।।। अब चुनाव आयोग की मदद से रक्फ़के जरिए गरीबों के वोट चुराना चाहती है।' चुनाव आयोग पर कटाक्षः उन्होंने कटाक्ष करते हुए चुनाव आयोग को 'चुनावी चूक' बताया। उन्होंने दावा किया कि यह कदम असंवैधानिक है और इसका मकसद बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले समाज के वंचित वर्गों को वोट देने के अधिकार से वंचित करना है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में ऐसा नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और यह कदम पूरी तरह से संविधान-विरोधी है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को करारा जवाब देगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं और देश का पैसा कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों के हाथों में दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब वो आपका वोट चोरी कर रहे हैं, आपका अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने बिहार की बेरोजगारी और गरीबी का जिक्र करते हुए कहा कि लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' बहुत सफल रही है क्योंकि बिहार की जनता 'वोट चोरी' की बात से सहमत है और उनसे जुड़ रही है। राहुल ने स्पष्ट किया कि उनका पूरा ध्यान चुनाव आयोग के इस रवैये को बदलने पर है और उन्होंने बिहार में चुनाव की चोरी नहीं होने देने का संकल्प लिया।

न्यूज ब्रीफ



## इंप्लाइज कोऑर्डिनेशन काउंसिल कोल इंडिया लिमिटेड का कार्य समिति सह अधिवेशन संपन्न

**रांची:** ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी इंप्लाइज को- ऑर्डिनेशन काउंसिल कोल इंडिया लिमिटेड का एक दिवसीय कार्यक्रम कार्य समिति सह अधिवेशन झारखण्ड रांची सीसीएल के सीएमपीडीआई हॉल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में महत्वपूर्ण निर्णय एवं प्रस्ताव लिए गए। अधिवेशन में कोल इंडिया लिमिटेड से सीसीएल बीसीसीएल ईसीएल एनसीएल एमसी एलडबलुसी एल सीएमपीडीआई सीसीएल सहित सभी कंपनियों के पदाधिकारी, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव सचिव सहित सभी पदाधिकारी ,सभी समिति शामिल हुए।कार्यक्रम की भव्य सफलता एवं संगठन हित में कई निर्णय लिए गए।विभिन्न कंपनियों से आए प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से आरक्षण प्रमोशन रोस्टर बैकलॉग विस्थापन सामाजिक न्याय संगठन की मजबूती एवं विस्तार ,प्रबंधन,आयोग, पार्लियामेंट्री कमिटी भारत सरकार की भुमिका,क्रियान्वयन पर चर्चा परिचर्चा में भाग लेते हुए डा बी आर अम्बेडकर के सपना पूरा करने,एजेंडा पर संघर्ष का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की सफलता पर आयोजन समिति के कोल इंडिया अध्यक्ष बृजकिशोर राम ,उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ,सीसीएल सचिव राम शब्द राम, संरक्षक गोरेलाल पासवान, सचिव मनोज कुर्रे,मीना कुमारी, नवीन कुमार, राजकुमार महतो, संतोष कुमार, लाल बाबु ठाकुर,स्वागत समिति के लोगों ने कार्यक्रम की सफलता पर काउंसिल से जुड़े लोगों को एवं कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले कंपनी सीएमपीडीआई प्रबंधन को बधाई दी है।

## पानी में बहे पति - पत्नी की मौत, 32 घंटे बाद मिला पत्नी का शव

**चतरा:** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर स्थित कटघरा (रामनगर) से बीते शुक्रवार को तेज बारिश से नदी में बह गए पति-पत्नी में पत्नी रीना देवी 42 वर्ष का शव ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद घटना के 32 घंटे के बाद शनिवार को बरामद किया गया।शव को थाना क्षेत्र के सिंमरातरी गांव से आगे जरहा के समीप खिरखहुआ नदी से बरामद किया। बताया जाता है कि सिमरातरी गांव के लोग नदी में बहे मवेशी का खोज बिन कर रहे थे। अचानक ग्रामीणों की नजर नदी के किनारे झाड़ी में मृतक महिला का साड़ी फंसा हुआ दिखा। इसके बाद ग्रामीण नदी में शव को ढूंढने लगे। वहां से लगभग 100 मीटर दूर जामुन की झाड़ी से शव को जामुन बरामद किया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतक के परिजन को दिया। परिजन नदी में पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया। मालूम हो कि बीते शुक्रवार को मूसलाधार बारिश होने से कटघरा से होकर गुजरने वाली बड़की नदी अचानक जल स्तर बढ़ गया। जिसमें कटघरा के सतेंद्र दांगी 45 वर्ष तथा इनकी पत्नी रीना देवी 42 वर्ष पानी के तेज बहाव में बह गए थे। ग्रामीणों द्वारा काफी खोज बिन के बाद लगभग 6 घंटा बाद पति सत्येंद्र दांगी का शव कटघरा के समीप धान खेत से बरामद किया गया था।इसके बाद से ग्रामीण रुक रुक कर लगातार महिला के शव को ढूंढने का प्रयास करते रहे। शनिवार को 32 घंटे के बाद महिला का भी शव बरामद किया गया। बहरहाल शनिवार को पति का शव को ग्रामीण स्थानीय श्मशान घाट ले जाकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में लगे थे।इसी बीच उसकी पत्नी का शव बरामद की खबर मिली।

## परसौनी नहर में डूबने से वृद्ध की मौत

**चतरा:** भारी बारिश में इटखोरी प्रखंड के परसौनी नहर में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान कोनी पंचायत के बंधू गांव के 68 वर्षीय कृष्णा सिंह के रूप में किया गया है। उनका शव नहर के पानी में तैरते हुए शनिवार सुबह लगभग एक किलोमीटर आगे बंधू गांव के नहर में मिला। गांव वालों ने बताया कि वे रोज शाम में साइकिल से घर लौटते थे। शुक्रवार शाम भी वे नित्य दिन की तरह परसौनी चौक की ओर से साइकिल चलाकर अपना घर लौट रहे थे। इसी क्रम में वे खड़ौनी के पास नहर में अनियंत्रित होकर साइकिल के

साथ तेज बहाव पानी में गिर गए। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। रात में सन्नाटा रहने के कारण उनके शव पर किसी की नजर नहीं पड़ी। सुबह में मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों की नजर उन पर पड़ी। इसके के बाद वे लोग उनके घर के परिजनों और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वृद्ध की मौत से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## ससुर के क्रियाक्रम में जा रहे थे पिता- पुत्र,सड़क दुर्घटना में पिता की मौत,पुत्र घायल



**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के द्वारिका राणा के 40 वर्षीय पुत्र पुत्र मनोज राणा की मौत टंडवा के कल्याणपुर में हाइवा की चपेट में आने से हो गयी। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया है।घायल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि मनोज पूरे परिवार के साथ रांची में रहता था। टंडवा के सराढू गांव अपने ससुराल पुत्र के साथ ससुर के क्रियाकर्म में भाग लेने को लेकर रांची से आ रहा था। इसी क्रम में टंडवा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के समीप कोल वाहन के चपेट में आने से पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में मनोज राणा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि पुत्र की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। इधर मनोज की मौत की खबर से गिद्धौर के साथ-साथ सराढू गांव में मातम छा गया। इधर परिवारों ने प्रशासन से मुवावजे की मांग किया है।

## बुधराम महतो के दारू भट्ठी में सिल्ली पुलिस का छापा



**मुरी :** सिल्ली पुलिस ने केसर डीह गांव में अवैध रूप से चल रही देशी दारू भट्ठी में छापा मारा। इससे पहले छापे की भनक मिलते ही संचालक बुधराम महतो भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने एक क्विंटल जावा और कई लीटर शराब जब्त किया। साथ ही सामग्री भी जब्त किया।

# बिहार का भविष्य हैं तेजस्वी यादव : डॉ. इरफान अंसारी

संवाददाता

**रांचीः** इसी साल बिहार में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बिहार की राजनीति को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। तेजस्वी यादव ही बिहार का भविष्य हैं : बिहार में वोट अधिकार यात्रा के दौरान डॉ. अंसारी ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि तेजस्वी यादव ही बिहार का भविष्य हैं और अंसारी समाज का एक भी वोट अब बंटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, तेजस्वी यादव को हर हाल में मुख्यमंत्री बनाना हमारा संकल्प है और इसी उद्देश्य से मैं बिहार में सक्रिय हूं। बिहार में परिवर्तन तय, जनता ने मन बना लिया हैः



डॉ. अंसारी ने बताया कि अविभाजित बिहार में उनके पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुरकान अंसारी तथा राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बीच मजबूत सामाजिक और राजनीतिक समीकरण रहा है, जिसने राज्य में भाईचारे और एकता को बढ़ावा दिया था। अब उसी विरासत को आगे बढ़ाने का समय है। उन्होंने बिहार के अंसारी समाज से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार झारखंड में कांग्रेस ने 28% अंसारी समाज को सम्मान दिया है, उसी तरह बिहार में भी 26% अंसारी समाज की अहम भूमिका है। डॉ. अंसारी ने कहा कि बिहार में परिवर्तन तय है। जनता ने मन बना लिया है। महागठबंधन की सरकार राहुल गांधी जी की मेहनत और तेजस्वी यादव जी की लगन से बनेगी, जो भाईचारे, समानता और विकास की नई इबारत लिखेगी।

## संदेहात्मक स्थिति में कुंआ से मिला बच्ची का शव

**तीन दिन पूर्व मृतक के पिता ने थाने में बच्ची की गुमशुदगी की सनहा करायी थी दर्ज**



संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा):** थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत स्थित गडके गांव के एक कुआं से संदेहात्मक स्थिति में एक बच्ची का शव बरामद हुआ है। बच्ची की पहचान गांव के परमेश्वर यादव की पुत्री शारदा कुमारी के रूप में हुआ है।बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व मृतक बच्ची के पिता ने थाना में बच्ची की गुमशुदगी की सनहा दर्ज करवाया था। शनिवार को गांव के कुआं से बच्ची का शव बरामद हुआ। इधर घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर लिया है। जबकि मामले की तहकीकात में जुट गई है। वहीं पंचायत की मुखिया सरिता देवी व समाज सेवी बसंत सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने कहा के इस घटना में जो भी संलिप्त है उसे किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास करेंगे।वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शूभम कुमार खंडेलवाल, अंचलाधिकारी अनंत साइनम विश्वकर्मा,इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह भी घटना स्थल पर पहुंच चुके हैं और मामले की गहनता से जांच में जुटे हैं।

## मूसलाधार बारिश से अलग- अलग गांवों में 40 से अधिक पशुओं की मौत, दर्जनों कच्चे मकान धवस्त

संवाददाता

**चतराः** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। वर्षा जनित हादसों में न केवल घरों को नुकसान पहुंचा,बल्कि मवेशियों की भी भारी क्षति हुई है। अलग-अलग गांवों में करीब 40 से अधिक पशुओं की मौत हो गई है।कटघरा के सत्येंद्र दांगी के सात बकरा और 13 बकरी, रामलाल दांगी की तीन गाय, चंदाबांध के बालेश्वर दांगी की एक गाय, तारकेश्वर दांगी की तीन गाय, द्वारिका दांगी का एक बैल, गिद्धौर के लखन दांगी के 10 बकरा, सिमरातरी के विकास दांगी की एक बकरी और एक गाय, आदित्य भुइयां की दो गाय तथा सिंदुआरी खुर्द के मो.नेजाम का एक बैल वर्षा और बाढ़ की चपेट में आकर मारे गए।वहीं दूसरी ओर कई ग्रामीणों के कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। जिसमें प्रखंड के बरियातु गांव के मुंसी यादव,सीताराम यादव,एवं निर्मल यादव का कच्चा मकान धवस्त हो गया।ये तीनों परिवार एक ही घर में जीवन बसर करते थे। वहीं गांगपुर के बाली भुइयां, मसोमात खिरिया



देवी, रेणु देवी, केशव कुमार,मसोमात सहोदरी देवी,अनिता देवी, सम्भु साव, सिमरातरी के आदित्य भुइयां और बघमरी के हीरामनी मुंडू के मिट्टी के घर पूरी तरह गिर गए हैं। वर्तमान में ये परिवार पड़ोसियों के घरों में शरण लिए हुए हैं।प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से आपदा राहत के तहत शीघ्र सहायता प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द मदद नहीं मिली, तो उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, लरियाडीह में वर्षा दिवस उत्सव का भव्य आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** प्रखण्ड अंतर्गत लरियाडीह स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में प्ले ग्रुप से यूकेजी. तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा वर्षा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण बच्चों की किलकारियों और उत्साह से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने रंग-बिरंगी छतरियों और रेनकोट पहनकर वर्षा ऋतु का आनंद लिया। नन्हें बच्चों ने बारिश से जुड़ी कविताएँ, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के बीच खेलकूद की गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वादिष्ट नाश्ते का भी आयोजन किया गया, जिसे बच्चों ने मिलजुलकर आनंदपूर्वक ग्रहण किया। इस तरह वर्षा दिवस का उत्सव बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा और सीख से



भरपूर रहा। इस आयोजन से बच्चों में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई। इस कार्यक्रम में शामिल नन्हे मुन्हें बच्चों के साथ उपस्थित शिक्षकाओं में अंजली सिंह,संजू कुमारी, आशा देवी, रानी सिंह, अंजली कुमारी और सरस्वती देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## ग्रिजली विद्यालय की बालिका वॉलीबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर 111 में जीता कांस्य




मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** बड्स गार्डन स्कूल, धनबाद में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर- ।।। अंडर-14 वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 (बालिका वर्ग) में ग्रिजली विद्यालय, कोडरमा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।टीम का नेतृत्व कोच अमित दास और टीम मैनेजर नेहा कुमारी ने किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों झ स्वस्तिक श्री, अनिषा कुमारी, आणवि मोदी, प्रकृति सिंह, आर्य कुमारी, क्षिति राज, हनीफा अनाम, परिधि बरनवाल और हेमाश्री झ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से निदेशकद्वय मनीष कपसिमे एवं अविनाश सेठ, सीओओ तनिष्क सेठ, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बीडी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, तथा सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह सहित पूरे विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों और उनके कोच को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खाद्य आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

# खाद्यान्न वितरण समय पर सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस के तहत शत-प्रतिशत उठाव का निर्देश**

संवाददाता

**चतराः** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शनिवार को खाद्य आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत खाद्यान्न का शत-प्रतिशत वितरण समय पर सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रहे।बैठक में भवन




प्रमंडल, चतरा के कार्यपालक अभियंता को प्रखंड स्तरीय गोदामों की मरम्मति का कार्य शीघ्र पूरा करने, जिला सहकारिता पदाधिकारी को चयनित पैक्स की रडढ मानकों के आधार पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा पैक्स की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को लाभुकों का ई-केवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया तेज करने और छह माह या उससे अधिक समय से खाद्यान्न नहीं उठा रहे कार्डधारियों का सत्यापन कर उनके कार्ड रद्द करने को कहा गया।उपायुक्त ने पीवीटीजी लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने और प्रत्येक माह वरीय पदाधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदामों का निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। वहीं, कुंदा प्रखंड में आधार पंजीकरण केंद्र खोले जाने की भी बात कही गई।बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, एफसीआई उठाव प्रभारी समेत अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से उफान पर रांची के वाटरफॉल प्रशासन ने पर्यटकों को दी सख्त चेतावनी

## जोन्हा, हुंडरू, दशम फॉल, सीता फॉल, रिमिक्स फॉल एवं अन्य जलप्रपातं उफान पर



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जोन्हा, हुंडरू, दशम फॉल एवं सीता फॉल, रिमिक्स फॉल एवं अन्य जलप्रपातों में उफान के कारण पर्यटकों के लिए सुरक्षा चेतावनी, जलप्रपात अपनी पूर्ण उफान पर हैं। इन जलप्रपातों में जलधारा की प्रबल गति और चट्टानों से टकराने वाली धाराएं प्रकृति की अपार शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं। हालांकि यह दृश्य आकर्षक और मनोरम है, लेकिन यह अत्यंत खतरनाक भी है। एक छोटी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र जोखिम भरा**

जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों, आगंतुकों और स्थानीय लोगों से जोन्हा और हुंडरू जलप्रपातों के आसपास के क्षेत्रों में जाने से पूरी तरह परहेज करने की अपील की है। वर्तमान में जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र अत्यंत जोखिम भरा है। तेज जलधारा, फिसलन भरी चट्टानें और अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना पर्यटकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है।

**जिला प्रशासन का सुझाव**

पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अनुरोध है कि वे जलप्रपातों के पास न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर रहें, स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें, मौसम और जलप्रपातों की स्थिति के बारे में स्थानीय समाचारों और प्रशासनिक सूचनाओं पर नजर रखें।

**आपातकालीन संपर्क**

किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस, प्रशासन या आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करें।

**जोखिम भरे क्षेत्रों से रहे दूर**

रांची जिला प्रशासन पर्यटकों और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सावधानी बरतें और जलप्रपातों जैसे जोखिम भरे क्षेत्रों से दूर रहें। प्रकृति का आनंद सुरक्षित दूरी से ही लें और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# ऑटो पर अचानक गिरा पेड़, चालक की दर्दनाक मौत, सवारी सुरक्षित



मेट्रो रेज

रांची : रांची-खूंटी मुख्य सड़क के दसमाईल चौक तुपुदाना के समीप चलते ऑटो पर विशालकाय पेड़ गिरने से ऑटो चालक की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ऑटो की पिछली सीट पर बैठे यात्री सुरक्षित है। मृतक ऑटो चालक दशमाईल का रहने वाला अश्विन लकड़ा उम्र 30 वर्ष है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो तुपुदाना से खूंटी की ओर जा रहा था। आगे की सीट पर चालक व पिछली सीट पर तीन सवारी बैठे थे। दसमाईल चौक के समीप अचानक वर्षों पुराना आम का पेड़ ऑटो पर गिर गया। सूचना पर तुपुदाना और खरसीदाग ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। चालक को बाहर निकालकर रिम्स पहुंचाया। परंतु उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिस जगह दुर्घटना हुई एरिया खरसीदाग ओपी क्षेत्र का पड़ता है।

खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी देते हुए सड़क किनारे खड़े सूखें व कमजोर पेड़ों को काटने को कहा गया।

# काला झंडा शनि मंदिर में आयोजित शनि महोत्सव धूमधाम से संपन्न

मेट्रो रेज



**रांची:** भादो शनि अमावस्या के शुभ अवसर पर संध्या आरती के साथ ही काला झंडा शनि मंदिर पंडरा में आयोजित शनि महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस शुभ शनि अमावस्या के अवसर पर सबसे पहले काला झंडा शनि मंदिर में काला झंडा का ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे किया गया । इसके साथ ही शनि विग्रह का विशेष श्रृंगार किया गया। शनि विग्रह का जल स्नान के बाद तेल अभिषेक कर काला कपड़ा,नीला कपड़ा, दही , नीला फूल, काला उरद, काला तिल, लोहा, अकवन के फूल - पत्ते और गुड़ अर्पण कर शनिदेव का विशेष पुजन अनुष्ठान किया गया । शनि महोत्सव के अवसर पर शनिदेव का विशेष पूजन व अनुष्ठान के बाद मीठे प्रसाद का भोग लगा कर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। शनि महोत्सव के आयोजन में रंजीत महली, पूर्णिमा कुमारी, किशन सिन्हा, लक्ष्मी सिंह राजपूत, मंजू सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, राजेश सिंह, अनिल मिस्त्री, अनुपमा देवी व अन्य का सराहनीय योगदान रहा

# नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति उपकार क्लब का भूमि पूजन

**रांची:** दुर्गा पूजा समिति नव युवक संघ उपकार क्लब रांची के तत्वावधान में दुर्गा पूजा 2025 की शुरूआत का पावन अवसर भूमि पूजन के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह कोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंह दुर्गा पूजा के सभी सदस्य उपस्थित थे

माता रानी के जयघोष और भक्तों की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जा से भर दिया। समिति के सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं की सहभागिता ने इस शुभारंभ को और भी विशेष बना दिया। यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपरा की नींव रखने का दिन था। हम मां दुर्गा से प्रार्थना करते हैं कि आने वाला आयोजन सफल, मंगलमय और यादगार हो।



# रांची रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने बरामद किया 3.6 किलो गांजा

मेट्रो रेज

**रांची:** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर की गई जांच में एसआई सोहन लाल, एएसआई अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश प्रसाद और हेड कांस्टेबल बी.डी. बोडरा की टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर एक संदिग्ध काले और नीले रंग का पिट्ठू बैग बरामद किया। घोषणा और पूछताछ के बाद भी कोई यात्री बैग का दावा नहीं कर पाया। बैग खोलने पर इसमें चार पैकेट गांजा बरामद हुआ, डीडी किट से जांच करने पर यह गांजा पाया गया। कुल बरामद गांजा का वजन 3.6 किलोग्राम और अनुमानित मूल्य लगभग 36,000 रुपये है। संपूर्ण कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद बरामद गांजा जब्त कर जीआरपी रांची को आगे की कार्रवाई हेतु सौंपा गया।



**बरामदगी में शामिल अधिकारी और कर्मचारी:** आईपीएफ शिशुपाल कुमार, एसआई सोहन लाल,एएसआई अनिल कुमार, स्टाफ दिनेश प्रसाद, बी.डी. बोडरा



# जानकी मंदिर के दानपेटी से 40 हजार की चोरी

**रांची:** पंडरा ओपी क्षेत्र के शाहदेव नगर के राम जानकी मंदिर में दानपेटी के लगभग 40 हजार रुपए की चोरी। चोरी के पैसों से चोरों ने ऑनलाइन खाना भी मंगवाया और खा कर हुए रफू चक्कर।

# जेवीएम श्यामली के विवान शौर्या ने पेंटिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मारी बाजी

## 53 देशों के 1700 प्रतिभागियों में प्रथम स्थान, मिला स्टार आर्टिस्ट अवार्ड

**रांची:** राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जेवीएम श्यामली के छात्र 9 वर्षीय विवान शौर्या ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र प्रतिभा की सीमा नहीं होती। विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता पिकासो आर्ट कॉन्टेस्ट के आर्टिस्टिक जेनेसिस 2025 में भाग लेकर उन्होंने लगातार चौथे वर्ष स्टार आर्टिस्ट अवार्ड जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और झारखंड का परचम लहराया।



इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में 53 देशों से 1700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अमरीका, इटली, हांगकांग, कनाडा, तुर्की, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, रोमानिया, बुल्गारिया, साइप्रस, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, श्रीलंका, बांग्लादेश सहित कई अन्य देश शामिल थे। 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग में विवान ने 100 में से 96 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्टार आर्टिस्ट सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट से सम्मानित हुए। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में शामिल थे - डॉ. जैनब नूर (प्रख्यात कलाकार, मिस्त्र, पीएचडी. - ललित कला), ताइशा ब्रेहॉट (प्रख्यात कलाकार, न्यूयॉर्क और न्यूजीलैंड से, एमएलए - येल यूनिवर्सिटी, अमेरिका) और भारत से के. राखी। मूल्यांकन के मानदंडों में नवाचार, रचनात्मकता, प्रस्तुति, आकर्षण, पूर्णता, कलाकार की आयु एवं कलात्मक क्षमता जैसे पहलुओं को शामिल किया गया।

# गुरु जी की याद में जरूरतमंदों को दिया नाश्ते का पैकेट और खाने का डिब्बा



**रांची:** दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की याद में भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था के तत्वावधान में आज रविवार को कई स्थानों पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने जरूरतमंद लोगों के बीच नाश्ते का पैकेट और खाने के डिब्बे का वितरण किया । उन्होंने सभी से अपील की कि गुरु जी स्वर्गीय शिबू सोरेन के लिए दिल से सभी लोग प्रार्थना कीजिए । जाड़े का समय आ रहा है आप लोगों को ठंड में कंबल भी दिया जाएगा गुलाम मुस्तफा ने कहा कि शिबू सोरेन की स्मृति में कई कार्यक्रम और भी चलाए जाएंगे। गुरुजी हम लोगों के झारखंड के एक महान नेता थे और केंद्रीय सरकार से अपील करता हूं के गुरु जी को भारत रत्न जरूर दिया जाये।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**
**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि पीड़िता मुक्ता टोप्पो, उम्र–14 वर्ष, पे0– स्व0 इंजीनियुस टोप्पो ग्राम–पुण्डी, थाना–जारी, जिला–गुमला (झारखण्ड) जो माह अप्रैल 2014 दिल्ली से लापता है, जिसे अंतिम बार रोहतक (हरियाणा) में देखा गया था। इस संबंध में अहतु थाना कांड सं0–14/21 दिनांक–28.08.21 दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा हैं। **जिसका रंग सावला, भारीर सामान्य, बाल काला, भाशा सादरी एवं हिन्दी बोलती है। पीड़िता का आधार नं0 xxxx-10148-9996** है । इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त पीड़िता मुक्ता टोप्पो, उम्र–14 वर्श के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते इस लापता लड़की के संबंध में अगर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी/ पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR 360264 Police Wireless Headquarter(25-26)#D


# हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती

मेट्रो रेज



रांचीः टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वावधान में शिक्षाविद झारखंड राज्य आंदोलनकारी एवं महान सांस्कृतिक पुरोधा पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई । झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग के नेतृत्व में ढोल, ढांक, नगाड़ा, मांदर भेर ,बांसुरी, नरसिघा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में रांची विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय जनजातीय भाषा विभाग के अखड़ा से पदयात्रा प्रारंभ की गई जो नाचते गाते बजाते पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति अखड़ा ओपन स्पेस थिएटर गई एवं वहां झारखंड आदिवासी विकास समिति द्वारा स्थापित इस राज्य की सबसे ऊंची मुंडा जी की प्रतिमा पर पारंपरिक पाहन पूजा करने के उपरांत माल्यार्पण किया गया । झारखंड आदिवासी विकास समिति द्वारा स्थापित आदिवासी जनजातियां अखड़ा को प्रतिबिंबित करते हुए ढोल मांदर नगाड़ा नाचते गाते बजाते 11 प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि एवं डॉ रामदयाल मुंडा के अभिन्न सहयोगी एवं मित्र फिल्म का मेघनाथ मुंडा के साथ अपने संस्मरण को साझा किया। उन्होंने बताया की नाची से बांची फिल्म के अंतिम हिस्से में मुंडा जी ओपन स्पेस थिएटर में अपनी बातों को रखे थे उन्होंने युवाओं से आह्वान किया की संस्कृति एवं अखड़ा संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सामने आए ओपन स्पेस थिएटर में नाची से बाची फिल्म का प्रदर्शन बड़े पर्दे पर एलसीडी लगाकर किया गया । इसके उपरांत कुंजवान की टीम बलेश नायक के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति दिए एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार से सम्मानित लोक कलाकार सुखराम पाहन अपनी टीम के साथ मुंडा द्वारा रचित गीतों को गाए एवं मुंडारी लोक नृत्य का प्रदर्शन किया कार्यक्रम के अंत में मुकुंद नायक,मंदर सम्राट मनपुरन नायक अपनी प्रस्तुति से मन मोह लिया समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि झारखंड आदिवासी विकास समिति ओपन स्पेस थिएटर स्थित डॉक्टर रामदयाल मुंडा स्मृति आंकड़ा के संरक्षण संवर्धन और पुनर्निर्माण के लिए संकल्पित है पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा जी के सपनों को समिति निरंतर आगे बढ़ाने का काम करती रहेगी । आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रभाकर नाग सांस्कृतिक महासचिव सुखराम पहन रांची, जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मुंडा रिझवा मुंडा झारखंड आदिवासी विकास समिति के महानगर अध्यक्ष ,अमित मुंडा समिति के सचिव मनोज कच्छप, अजीत लकड़ा, सनी तिग्गा, सुदामा खलखो, विक्की करमाली,अशोक मुंडा ,रिक्की नायक ,सुरेश मिर्धा, सोनाराम दास, सुरज मिर्धा, विनय नायक, अनुज मुंडा ,एलिस मुंडा गोविंद नायक ,बसंत पाहन, चरका मुंडा ,सीमा मुंडा ,सुनीता मुंडा ,संतोष मुंडा, जगदीश मुंडा एवं आसपास के गांव टोला से आए सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।





## 26 अगस्त को मनाई जायेगी

# हरतालिका तीज, सौभाग्य की प्राप्ति का है यह पर्व

हरतालिका तीज की महिमा को अपरंपार माना गया है। हिन्दू धर्म में विशेषकर सुहागिन महिलाओं के लिए इस पर्व का महात्म्य बहुत ज्यादा है। हरतालिका तीज व्रत हिंदू धर्म में मनाये जाने वाला एक प्रमुख व्रत है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया 26 अगस्त को हरतालिका तीज मनाई जाती है। भारत में हरियाली तीज और कजरी तीज के बाद अब हरतालिका तीज का त्योहार मनाया जाएगा। यह व्रत भी अन्य दोनों व्रत के समान ही महत्व रखता है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत किया जाता है। हरतालिका तीज व्रत एक कठिन व्रत माना जाता है। इसमें महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती हैं। दरअसल भाद्रपद की शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। हरतालिका तीज व्रत कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां करती हैं। हरतालिका तीज व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। हरतालिका तीज व्रत करने से महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज व्रत रखा जाता है। शास्त्रों के अनुसार हरतालिका तीज को सबसे बड़ी तीज माना जाता है। हरतालिका तीज से पहले हरियाली और कजरी तीज मनाई जाती हैं। हरतालिका तीज में भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। हरियाली तीज और कजरी तीज की तरह ही हरतालिका तीज के दिन भी गौरी-शंकर की पूजा की जाती है। हरतालिका तीज का व्रत बेहद कठिन है। इस दिन महिलाएं 24 घंटे से भी अधिक समय तक निर्जला व्रत करती हैं। यही नहीं रात के समय महिलाएं जागरण करती हैं और अगले दिन सुबह विधिवत्त पूजा-पाठ करने के बाद ही व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि हरतालिका तीज का व्रत करने से सुहागिन महिला के पति की उम्र लंबी होती है जबकि कुंवारी लड़कियों को मनचाहा वर मिलता है। यह त्योहार मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में इस व्रत को ₹गौरी हब्बा₹ के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला और निराहार व्रत रखकर पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज व्रत को सुहागिनों के अलावा कुंवारी कन्याएं रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य प्रभाव से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है।



### हरितालिका तीज शुभ मुहूर्त

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष हरितालिका तीज का व्रत 26 अगस्त 2025 को रखा जाएगा। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरूआत 25 अगस्त को दोपहर 12 :34 बजे से होगी और इसका समापन 26 अगस्त को दोपहर 1 :54 बजे होगा। उदया तिथि ( सूर्योदय के समय जो तिथि हो) को मान्यता दी जाती है, इसलिए व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा।

### निर्जला रखा जाता है व्रत

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका तीज व्रत करवा चौथ की तरह ही रखा जाता है। इस व्रत में पानी नहीं पिया जाता। यह व्रत निर्जला रखा जाता है। अगर व्रत के दौरान सूतक लग जाए तो व्रत रख सकते हैं और पूजा रात में कर सकते हैं। हरतालिका तीज पर रात में जगकर माता पार्वती व भगवान भोलेनाथ की पूजा करनी चाहिए।

### हरतालिका तीज का व्रत कैसे करें?

कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका तीज का व्रत अत्यंत कठिन माना जाता है। यह निर्जला व्रत है यानी कि व्रत के पारण से पहले पानी की एक बूंद भी ग्रहण करना वर्जित है। व्रत के दिन सुबह-सवेरे स्नान करने के बाद ₹उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये₹ मंत्र का उच्चारण करते हुए व्रत का संकल्प लिया जाता है।

### पूजन विधि

कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका तीज की पूजा प्रदोष काल में की जाती है। प्रदोष काल यानी कि दिन-रात के मिलने का समय. हरतालिका तीज के दिन इस प्रकार शिव-पार्वती की पूजा की जाती है। संध्या के समय फिर से स्नान कर साफ और सुंदर वस्त्र धारण करें। इस दिन सुहागिन महिलाएं नए कपड़े पहनती हैं और सोलह श्रृंगार करती हैं। इसके बाद गीली मिट्टी से शिव-पार्वती और गणेश की प्रतिमा बनाएं। दूध, दही, चीनी, शहद और घी से पंचामृत बनाएं। सुहाग की सामग्री को अच्छी तरह सजाकर मां पार्वती को अर्पित करें। शिवजी को वस्त्र अर्पित करें। अब हरतालिका व्रत की कथा सुनें। इसके बाद सबसे पहले गणेश जी और फिर शिवजी व माता पार्वती की आरती उतारें। अब भगवान की परिक्रमा करें। रात को जागरण करें.। सुबह स्नान करने के बाद माता पार्वती का पूजन करें और उन्हें सिंदूर चढ़ाएं। फिर ककड़ी और हल्वे का भोग लगाएं। भोग लगाने के बाद ककड़ी खाकर व्रत का पारण करें। सभी पूजन सामग्री को एकत्र कर किसी सुहागिन महिला को दान दें।

### हरतालिका तीज का महत्व

भविष्यवक्ता डॉ अनीष व्यास ने बताया कि सभी चार तीजों में हरतालिका तीज का विशेष महत्व है। हरतालिका दो शब्दों से मिलकर बना है- हरत और आलिका. हरत का मतलब है 'अपहरण' और आलिका यानी 'सहेली'. प्राचीन मान्यता के अनुसार मां पार्वती की सहेली उन्हें घने जंगल में ले जाकर छिपा देती हैं ताकि उनके पिता भगवान विष्णु से उनका विवाह न करा पाएं। सुहागिन महिलाओं की हरतालिका तीज में गहरी आस्था है। महिलाएं अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं। वहीं कुंवारी लड़कियों को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।

### हरतालिका तीज की पूजन सामग्री

भविष्यवक्ता डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका व्रत से एक दिन पहले ही पूजा की सामग्री जुटा लेंः गीली मिट्टी, बेल पत्र, शमी पत्र, केले का पत्ता, धतूरे का फल और फूल, अकांव का फूल, तुलसी, मंजरी, जनेऊ, वस्त्र, मौसमी फल-फूल, नारियल, कलश, अबीर, चंदन, घी, कपूर, कुमकुम, दीपक, दही, चीनी, दूध और शहद। मां पार्वती की सुहाग सामग्रीः मेहंदी, चूड़ी, बिछिया, काजल, बिंदी, कुमकुम, सिंदूर, कंघी, माहौर, सुहाग पिटारी।

### व्रत कथा

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि शिव जी ने माता पार्वती जी को इस व्रत के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया था। मां गौरा ने माता पार्वती के रूप में हिमालय के घर में जन्म लिया था। बचपन से ही माता पार्वती भगवान शिव को वर के रूप में पाना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने कठोर तप किया। 12 सालों तक निराहार रह करके तप किया। एक दिन नारद जी ने उन्हें आकर कहा कि पार्वती के कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु आपकी पुत्री से विवाह करना चाहते हैं.। नारद मुनि की बात सुनकर महाराज हिमालय बहुत प्रसन्न हुए। उधर, भगवान विष्णु के सामने जाकर नारद मुनि बोले कि महाराज हिमालय अपनी पुत्री पार्वती से आपका विवाह करवाना चाहते हैं। भगवान विष्णु ने भी इसकी अनुमति दे दी। फिर माता पार्वती के पास जाकर नारद जी ने सूचना दी कि आपके पिता ने आपका विवाह भगवान विष्णु से तय कर दिया है। यह सुनकर पार्वती बहुत निराश हुईं उन्होंने अपनी सखियों से अनुरोध कर उसे किसी एकांत गुप्त स्थान पर ले जाने को कहा। माता पार्वती की इच्छानुसार उनके पिता महाराज हिमालय की नजरों से बचाकर उनकी सखियां माता पार्वती को घने सुनसान जंगल में स्थित एक गुफा में छोड़ आईं। यहीं रहकर उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप शुरू किया जिसके लिए उन्होंने रेत के शिवलिंग की स्थापना की। संयोग से हस्त नक्षत्र में भाद्रपद शुक्ल तृतीया का वह दिन था जब माता पार्वती ने शिवलिंग की स्थापना की। इस दिन निर्जला उपवास रखते हुए उन्होंने रात्रि में जागरण भी किया। भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि उनके कठोर तप से भगवान शिव प्रसन्न हुए माता पार्वती जी को उनकी मनोकामना पूर्ण होने का वरदान दिया। अगले दिन अपनी सखी के साथ माता पार्वती ने व्रत का पारण किया और समस्त पूजा सामग्री को गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया। उधर, माता पार्वती के पिता भगवान विष्णु को अपनी बेटी से विवाह करने का वचन दिए जाने के बाद पुत्री के घर छोड़ देने से व्याकुल थे। फिर वह पार्वती को ढूंढते हुए उस स्थान तक जा पंहुचे। इसके बाद माता पार्वती ने उन्हें अपने घर छोड़ देने का कारण बताया और भगवान शिव से विवाह करने के अपने संकल्प और शिव द्वारा मिले वरदान के बारे में बताया। तब पिता महाराज हिमालय भगवान विष्णु से क्षमा मांगते हुए भगवान शिव से अपनी पुत्री के विवाह को राजी हुए।

**- डॉ अनीष व्यास**

# वेट लॉस के लिए डेली रूटीन में शामिल करें ये आदतें, महीने भर में दिखेगा असर

आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में वजन कम करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। लेकिन छोटी और आसान आदतों को अपनाकर आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं। अगर आपके पास भी जिम जाने का समय नहीं है और स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं कर पाते हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप बड़े बदलावों की जगह छोटी और आसान आदतों को अपनी डेली रूटीन में अपनाकर वेट को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। एक हेल्दी दिनचर्या सिर्फ वेट लॉस तक ही सीमित नहीं है। यह आपके पूरे स्वास्थ्य और एनर्जी लेवल को बेहतर बनाती है। खासकर सुबह की शुरूआत सही तरीके से करने से बॉडी का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और पूरे दिन कैलोरी बर्न करने में भी मदद करता है, साथ ही वेट लॉस की प्रक्रिया को गति देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ सरल और प्रभावी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप कुछ ही दिनों में सकारात्मक असर देख सकते हैं।

### नींबू पानी

सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन कम होता है। यह प्रभावी और पुराना नुस्खा है। नींबू पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करता है और पाचन तंत्र सक्रिय करता है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। नींबू में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायता करता है। नींबू पानी भूख को भी नियंत्रित करती है और दिन में खाने की इच्छा भी कम होती है।

### सूरज की रोशनी

हर सुबह 15-20 मिनट सूरज की रोशनी में समय बिताना आपके मूड को बेहतर बनाता है। साथ ही यह वेट लॉस में भी अहम भूमिका निभाता है। बता दें कि सूर्य की रोशनी से विटामिन डी मिलता है, जोकि मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। सुबह सूरज की धूप लेने से बॉडी का बॉयलोजिकल क्लॉक अच्छा रहता है। जिससे नींद और भूख का चक्र संतुलित रहता है।

### एक्सरसाइज करें

सुबह की एक्सरसाइज वेट लॉस का करने का सबसे प्रभावी तरीका है। फिर चाहे तेज चलना हो, जॉगिंग, योग या साइकिलिंग करना हो। रोजाना 30 मिनट की गतिविधि मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है। दिन भर कैलोरी बर्न करने में सहायता करती है। सुबह की एक्सरसाइज तनाव कम करती है और ऊर्जा स्तर बढ़ाती है।

# डल स्किन भी हो जाएगी ब्राइटन, बस किचन की इन चीजों का करें इस्तेमाल

हम सभी एक ब्राइटन स्किन चाहते हैं और इसके लिए तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हर बार आप मार्केट में मौजूद प्रोडक्ट्स पर ही भरोसा करें। बल्कि अगर आप चाहें तो खुद घर पर अपने किचन इंग्रीडिएंट्स की मदद से भी डल और बेजान स्किन का बेहतर तरीके से ख्याल रख सकते हैं। जी हां, डल स्किन की समस्या आज के समय में बेहद आम होती जा रही है। बहुत अधिक तनाव, धूल-मिट्टी, प्रदूषण व खान-पान का असर सिर्फ सेहत ही नहीं, स्किन पर भी देखने को मिलता है। जिसकी वजह से स्किन काफी थकी हुई, बेजान व डल नजर आती है। ऐसे में अपनी स्किन को फिर से रिजुविनेट करने के लिए आप अपनी किचन का ही रुख कर सकते हैं। हम सभी की किचन में ऐसे कई आम इंग्रीडिएंट्स होते हैं, जो स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं होते हैं। साथ ही, केमिकल फ्री होने की वजह से आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की भी जरूरत नहीं होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ किचन इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी डल स्किन में फिर से नई जान डालने में मदद करेंगे-

हल्दी और दही से बनाएं ब्राइटनिंग पैक

अगर आपकी स्किन डल व बेजान नजर आने लगी है तो ऐसे में आप हल्दी और दही की मदद से एक ब्राइटनिंग फेस पैक बना सकती हैं। हल्दी स्किन के रूखेपन को कम करने के साथ-साथ एक ब्राइटनेस भी लेकर आती है। वहीं, दही में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन को हल्का एक्सफोलिएट करते हैं, जिससे स्किन दमकने लगती है। इसके लिए आधा चम्मच हल्दी को दो चम्मच दही में डालकर मिक्स करें और एक स्मूथ पेस्ट बना लें। अब अपनी स्किन को क्लीन करके इस पैक को चेहरे पर लगाएं। करीबन 15-20 मिनट बाद अपने चेहरे को धो लें।

बेसन और दूध से बनाएं ब्राइटनिंग पैक

अगर आपकी स्किन ऑयली व चिपचिपी नजर आने लगी है तो ऐसे में बेसन और दूध की मदद से एक ब्राइटनिंग पैक बनाया जा सकता है। जहां बेसन चेहरे की गंदगी और अतिरिक्त तेल सोख लेता है। वहीं, दूध स्किन को हल्का एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन ब्राइटन नजर आती है। फेस पैक बनाने

# सेहत को कमाल के फायदे पहुंचाती है अमरूद की चटनी



अमरूद एक ऐसा फल है जो सभी को पसंद आता है। नमक और मिर्च लगाकर अमरूद खाने का जो मजा है वह शायद ही किसी और फल को खाने में आता होगा। कुछ लोग अमरूद साबुत कहते हैं तो कुछ इसकी जेली बनाकर खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी अमरूद की चटनी खाई है? जी हां अमरूद की चटनी खाने में तो स्वादिष्ट लगती ही है, इससे सेहत को भी खूब लाभ पहुंचता है। आइए जानते हैं इस बारे में डाइटिशियन लवनीत बत्रा से।

### अमरूद की चटनी खाने के फायदे

- अमरूद में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें, तो इसमें मैंगनीज, पोटैशियम, विटामिन- सी, मिनरल, लाइकोपीन फाइबर होते हैं। वहीं, जब इसकी चटनी बनाई जाती है, तो इसमें और भी कई तरह के इंग्रीडिएंट को शामिल किए जाते हैं, जिससे इसका फायदा दोगुना हो सकता है।
- अमरूद की चटनी का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को फायदा हो सकता है। दरअसल, इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है।, इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को रेगुलेट करने में मदद करता है। इससे शुगर स्पाइक नहीं होता है।
- अमरूद में पोटैशियम भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करके हार्ट हेल्थ को फायदा पहुंचा सकता है।
- इसके अलावा, इस चटनी का सेवन करने से पाचन दुरुस्त होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन- तंत्र को बूस्ट करता है, जिससे कब्ज और, एसिडिटी जैसी परेशानी नहीं होती है।
- इसमें भरपूर विटामिन- सी होता है, जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे आपकी ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। वहीं, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा कम होता है।

# क्या आप भी डेंटल फ्लॉस का इस्तेमाल करते हैं? जान लें नुकसान

दांत साफ हो तो आपकी मुस्कान और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है। इसलिए जरूरी है कि दांतों को सही तरीके से साफ किया जाए। ओरल हेल्थ न सिर्फ दांतों को सड़न से बचाता है बल्कि ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। यही वजह है कि अक्सर डॉक्टर डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, जिससे दांतों के बीच फंसे भोजन आराम से निकल जाता है। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि डेंटल फ्लॉस के कुछ नुकसान भी हैं। आइए इस बारे में डेंटल डॉक्टर तलबिया खान से जानते हैं।

### क्या होता है डेंटल फ्लॉस

डेंटल फ्लॉस एक काफी पतला सिंथेटिक धागा होता है जिसे दांतों के बीच में घुसाकर दांतों के बीच फंसी गंदगी को हटाया जा सकता है। कई बार कुछ ऐसा खाते हैं जो दांतों के बीच में फंस जाता है और इसके कारण बैक्टीरिया पैदा होते हैं। इससे मुंह में स्मेल और सड़न जैसी दिक्कत होती है। वहीं डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने से दांतों में प्लाक जमा नहीं होते हैं। एक्सपर्ट की माने तो डेंटल फ्लॉस से फायदा और नुकसान दोनों हो सकता है। यह पूरी तरह से इस बात पर डिपेंड करता है कि आप किस तरह का फ्लॉस इस्तेमाल करते हैं। दरअसल कुछ ऐसे डेंटल फ्लॉस होते हैं जो टॉक्सिक केमिकल टेफ्लॉन से बनाए जाते है। जब शरीर के अंदर यह केमिकल जाते हैं तब थायराइड जैसी समस्या हो सकती है हार्मोन असंतुलन हो सकता है। वहीं कुछ फ्लॉस में फ्रेगनेंस होता है। यह सिंथेटिक खुशबू होती है। इनमें भी कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जिससे शरीर के अंदर गड़बड़ी हो सकती है। वहीं जो लोग दिन भर में एक बार से ज्यादा फ्लॉसिंग करते हैं उनके मसूड़े की टिशू डैमेज हो सकती है। इसके अलावा दांतों के बीच स्पेस भी बढ़ सकता है।

### फ्लॉसिंग का सही तरीका

- एक्सपर्ट कहती हैं कि ओरल हेल्थ के लिए फ्लॉसिंग जरूरी है लेकिन आप जब भी फ्लॉस स्टिक का चुनाव करें तो ध्यान रहे कि यह केमिकल फ्री होना चाहिए।
- वहीं अक्सर लोग फ्लॉसिंग बहुत तेज कर लेते हैं इसकी वजह से मसूड़ों से खून आने लगता है जो कि कई तरह की समस्या पैदा कर सकता है इसलिए जब भी फ्लॉसिंग करें हल्के हाथों से फ्लॉसिंग करें।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पर्यटन स्थलों के सर्वांगीण विकास को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



संवाददाता

**दुमका:** जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटक स्थलों के विकास एवं पर्यटकों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विशेष तौर पर जिले के लोकप्रिय स्थल सेल्फी ब्रिज के समग्र विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुविधा और आनंददायक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने एवं स्थानीय ग्रामीणों के जीविकोपार्जन के अवसर सृजित करने के दृष्टिकोण से बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, दुकानों एवं अन्य आवश्यक ढाँचों के निर्माण पर चर्चा की गई। इससे न केवल पर्यटकों का अनुभव बेहतर होगा बल्कि ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि होगी। बैठक में एनआरईपी को शीघ्र ही विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी संबंधित विभागों को पर्यटन स्थलों के विकास को मिशन मोड में लेकर कार्य करने का निर्देश दिया।

## किसानों को निर्धारित मूल्य पर मिलेंगे उर्वरक : उपायुक्त

देवघर: जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी कि खरीफ मौसम में किसानों को उर्वरक की मांग बढ़ जाती है। ऐसे जिले में उर्वरक की कमी ना हो एवं किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की प्राप्ति हो इसके लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया किसभी उर्वरक प्रतिष्ठान अपने दुकान का नाम प्रतिष्ठान के आगे दिवाल पर आवश्य अंकित करेंगें, ताकि किसानों को पता चले की उर्वरक की दुकान यहाँ अवस्थित है ।दुकान में मूल्य तालिका एवं भंडार स्थिति का बोर्ड अवश्य लगा होना चाहिए जिसमें प्रतिदिन उर्वरक का प्रकार, उनका मूल्य तथा भंडार की स्थित्ति अंकित करेंगें ताकि किसानों को पता चल सके। सभी उर्वरक प्रतिष्ठान निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करेंगे। औचक निरीक्षण के क्रम में यदि किसी किसान द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत की गई तो उक्त प्रतिष्ठान के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1905 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। सभी उर्वरक प्रतिष्ठान भंडार पंजी का संधारण करेंगें एवं उर्वरक वार तिथि वार, उर्वरक की प्राप्ति बिक्री एवं अवशेष का प्रविष्टी करेंगे ।सभी उर्वरक प्रतिष्ठान ई-पॉस मशीन से ही उर्वरक का बिक्री करेंगें। निरीक्षण के क्रम यदि ई-पॉस मशीन बंद पाई जाती है, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उर्वरक बिक्री की पावती रसीद किसानों को देना सुनिश्चित करेंगे। उर्वरक कि बिक्री कम्पनी द्वारा दिए गये प्रपत्र (0) के अनुसार प्राप्त कये गये उर्वरक की कम्पनी का ही उर्वरक बिक्री करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उपरोक्त के आलोक में तथा एफसीओ 1985 के अन्तर्गत ही उर्वरक का नियमानुसार बिक्री करेगें। यदि औचक निरीक्षण के क्रम में एफसीओ 1985 या वास्तु अधिनियम 1955 उलंघन का मामला पाया जाता है तो नियमानुसार अनुज्ञपि। निलंबित/रद्द करते हुए विधि सम्मवत कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त ने की जिला स्तरीय तकनीकी पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक

संवाददाता

दुमका: समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पीआईयू दुमका, भवन प्रमंडल दुमका, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल दुमका, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल दुमका, एनआरईपी दुमका, सिचाई प्रमंडल दुमका, लघु सिचाई प्रमंडल दुमका, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-01 एवं 02, दुमका, तथा जिला परिषद् दुमका के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण व विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री



सिन्हा ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया। संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी तकनीकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधूरे कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता नियंत्रण के पालन पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ आमजन तक समय पर पहुँचना आवश्यक है। अतः सभी विभागीय अभियंताओं को पारस्परिक समन्वय के साथ समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता सहित सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साहिबगंज के वंदना कक्ष में विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन



संवाददाता

साहिबगंज:शनिवार को विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,साहिबगंज के वंदना कक्ष में विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साहेबगंज विभाग प्रचारक अजय कुमार,विभाग प्रमुख रमेश कुमार,समिति के अध्यक्ष विनोद चौधरीविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता,ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।तत्पश्चात अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए अजय कुमार ने बताया कि भैया ,बहन लाव, कुश, ध्रुव, प्रहलाद,सीता,सावित्री एवं दुर्गा माता के जीवन चरित्र को अपने जीवन में समाहित करें और भैया ,बहन अपने लक्ष्य की ओर केंद्रित रहें।विभाग प्रमुख रमेश कुमार ने प्रश्नमंच प्रतियोगिता नियमावली के बारे में बतलाया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में पांच विषयों विज्ञानअंग्रेजी,संस्कृत,संगणक,वैदिक गणित की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बरहरवा के प्रधानाचार्य प्रमोद आजाद,पाकुड़ के प्रधानाचार्य योगेश कुमार,बोरियो के प्रधानाचार्य हेमा कुमारी,राजमहल के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार सिंह और आठ विद्यालय के संरक्षक आचार्य दीदी एवं प्रतियोगिता में सहभागी भैया बहन उपस्थित थे। समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार एवं अतिथि परिचय प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने किया।

# बरहेट प्रखंड सभागार में खरीफ कार्यशाला का आयोजन

किसानों को समय पर आवेदन करने और अपने बैंक खातों को आधार से लिंक कराने की सलाह




संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड सभागार में खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को खरीफ सत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं,तकनीकी जानकारियों आधुनिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना था।कार्यशाला में सबसे पहले डिजिटल क्रॉप सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस सर्वे के माध्यम से किसानों की फसल संबंधी सटीक जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही अतिवृष्टि एवं जल जमाव से होने वाली फसल क्षति के आकलन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। ताकि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।इसके अतिरिक्त मिलेट मिशन योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि मोटे अनाज की खेती से न केवल पोषण सुरक्षा मिलेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और किसान समृद्धि योजना के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । और किसानों को समय पर आवेदन करने और अपने बैंक खातों को आधार से लिंक कराने की सलाह दी गई। कार्यशाला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर भी विस्तृत जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बीमा योजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदा, कीट एवं रोग से होने वाली फसल क्षति से सुरक्षा प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, उप परियोजना निदेशक, बीएओ, बीटीएम, एटीएम, बीपीएम ,कृषक मित्र एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को लाभकारी बताया और कृषि से संबंधित नवीन जानकारियों को अपने खेतों में लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

## ऑटो और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल



**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उधवा-बरहरवा एनएच 80 मुख्य मार्ग पर मोहनपुर के समीप शनिवार की देर शाम ऑटो व स्कूटी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो और स्कूटी दोनों के परखच्चे उड़ गए। सड़क पर वाहन के पुर्जे बिखरे पड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो उधवा से बरहरवा की ओर जा रहा था, जबकि विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी तेज गति से उधवा दिशा की ओर आ रहे थे। तभी ऑटो व स्कूटी आमने सामने टकरा गई।घटना में स्कूटी व ऑटो सवार युवक घायल हो गए। दोनों युवक राजमहल थाना क्षेत्र के मानसिंहा गांव के बताए जा रहे हैं। इनमें से एक अब्दुल हलीम की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक होगा विभिन्न खेलों का आयोजन

# 31 अगस्त को ग्रामी ा एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिताओं का होगा भव्य आयोजन

संवाददाता

साहिबगंजः खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिले में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय विभिन्न खेलों का आयोजन जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा किया जाएगा वहीं अंतिम दिन 31 अगस्त को ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।राष्ट्रीय खेल अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, पावर लिफ्टिंग, कुश्ती, कबड्डी , प्रदर्शनी हॉकी मैच तथा ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता अंतर्गत गुलेल, गेड़ी,घड़ा दौड़ का आयोजन किया जाएगा। विस्तृत कार्यक्रम

बैडमिंटन29- 31अगस्त 2025प्रातः 9:30 बजे से फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज10 वर्ष से 17वर्ष तक बालक डबल,18 वर्ष से 34 वर्ष तक पुरुष डबल,35 आयु वर्ग से अधिक पुरुष डबल

बालिका ओपन डबलनोडल जय कृष्ण शर्मा 8084028425 सुनील किस्कू खेल शिक्षक 7319749119,टेबल टेनिस,31 अगस्त 2025

प्रातः 9:30 बजे से फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज,पुरुष ओपन सिंगल,नोडल - दीपक कुमार खेल शिक्षक 8318383356,चेस 31 अगस्त 2025

प्रातः 9:30 बजे से फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंजपुरुष ओपन नोडल दिलीप कुमार भगत जिला चेस संघ 74628 60601,पावर लिफ्टिंग

31 अगस्त 2025 प्रातः 9:30 बजे से फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज पुरुष ओपन

नोडल - गौरव झा जिम ट्रेनर 8051803669 कुश्ती

29 से 31अगस्त 2025 प्रातः 9:30 बजे से

चांद भैरव इनडोर फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज पुरुष ओपन ,महिला ओपन

नोडल प्रकाश सिंह बादल खेलो इंडिया प्रशिक्षक

98771 09195 या नवनीत कुमार सोनू खेल शिक्षक 9031401633, कबड्डी 31 अगस्त 2025

प्रातः 9:30 बजे से चांद भैरव इनडोर के बगल में फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहिबगंज महिला ओपन नोडल बिरेंद्र कुमार खेल शिक्षक 9386338495, पुरुष हॉकी प्रदर्शनी मैच29 अगस्त 2025 प्रातः 9:30 बजे से सिदो कान्हु स्टेडियम, साहिबगंज पुरुष ओपननोडल - नीतीश कुमार दास खेल शिक्षक 9733504282सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल, सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।सभी खेलों के प्रतिभागी जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज में 28.08.2025 तक अपना या अपने टीम का निःशुल्क नामांकन कराएंगे विशेष जानकारी हेतु कौशल किशोर खेल समन्वयक 8409393082 से संपर्क कर सकते हैं। ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम,गुलेल पुरुष एवं महिला,गेड़ी दौड़ पुरुष एवं महिलाघड़ा दौड़ पुरुष एवं महिला 31अगस्त 2025 प्रातः 9:30 बजे से सिद्धू कान्हु स्टेडियम, साहिबगंज नोडल अशोक कुमार साहनी कोच डे बोर्डिंग एथलेटिक्स 82107 25332 गुगल,गेड़ी एवं मटका फोड़ के सभी ग्रुप के विजेताओं को प्रथम 2500 रुपए ,द्वितीय - 1500 रुपए,तृतीय - 1000 रुपए एवं मेडल, सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## इंटर परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने का निर्देश

संवाददाता

साहिबगंजः जिला मुख्यालय स्थित शनिवार की सुबह गोडाबाडी हटिया जाने वाली रोड के समिप डीईओ कार्यालय में जिले के प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य व प्राभारी प्राचार्यों के साथ आरडीडीई सह डीईओ दुगार्नंद झा की अध्यक्षता में बैठक की गई ।जिसमें विशेष रूप से 2026



में इंटर परीक्षा का परिणाम बेहतर बनाने का निर्देश दिया। विषयवार कमजोर बच्चों का चयन कर विशेष कक्षा की व्यस्वथा करें। इजके अलावे इंस्पायर्ड अवार्ड को लेकर भी चर्चा की गई। सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया कि अवार्ड में अपने विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। बैठक में एसबीईओ लक्ष्मण यादव और भंडारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### दुर्गम गाँवों तक पहुँची स्वास्थ्य सेवाएं

## गोलढाब चूवार और तैमूर टोला में लगा स्वास्थ्य शिविर

साहिबगंज/उधवा : उधवा प्रखंड के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में शनिवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नाव से कठिन सफर तय कर पहुँची चिकित्सा टीम ने गोलढाब चूवार गाँव और तैमूर टोला के ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराईं।जानकारी के अनुसार शिविर में शुगर और बीपी की जाँच, एएनसी सेवाएँ, बच्चों का टीकाकरण, टीबी स्क्रीनिंग और ओपीडी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएँ दी गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया और डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधा पहुँचना बेहद कठिन है।वहाँ सिविल सर्जन के नेतृत्व में ऐसी पहल सराहनीय है। लोगों ने डॉ. पासवान और उनकी टीम के समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।



# चौक परिसर में केंद्र सरकार का पुतला दहन आज

संवाददाता

**साहिबगंज :** 20 अगस्त 2025 को केंद्र सरकार द्वारा संसद में असंवैधानिक विधेयक पेश किया गया। उक्त विधेयक भारतीय संविधान के मौलिक सिद्धांत दोष साबित होने तक आरोपी निर्दोष होता है। के उलंघन के लिए लाया गया है।उक्त विधेयक असंवैधानिक रूप से जनप्रतिनिधि को उसके दायित्वों से विमुख करते हुए जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करना है। आए दिन ऐसा देखा जा रहा है।की भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपने विरोधियों को राजनैतिक, सामाजिक और मानसिक स्तर पर नुकसान पहुँचाने अथवा अपने राजनैतिक दल को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्रीय जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। उक्त विधेयक का दुरूपयोग कर किसी भी जन प्रतिनिधि को किसी भी केंद्रीय जाँच एजेंसी द्वारा 30 दिनों से अधिक समय के लिए न्यायिक हिरासत में भेज कर जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करते हुए सम्बंधित जन प्रतिनिधि जो दोषी नहीं है। को इस्तीफा देने अथवा पद छोड़ने के लिए बाध्य किया जाएगा । यह न सिर्फ जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है वरण जनता को गुमराह करने की साजिश भी है। विधेयक यह दशार्ता है? की भाजपा अपने चाल-चरित्र के अनुरूप सत्ता पर काबिज होने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। उपरोक्त स्थिति में झारखण्ड सहित देश के सभी राज्यों में भाजपा के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। केंदीय समिति के निदेशानुसार आप जिला साहेबगंज के अंतर्गत केंदीय समिति सदस्यगण, जिला समिति के पदाधिकारीगण, वर्ग संगठन के अध्यक्ष,सचिव, सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष, सचिवों व नगर अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम सक्रिय कार्यकर्ताओं को आग्रह, निर्देश दिया जाता है कि आगामी दिनांक 24 अगस्त 2025- दिन- रविवार, समय- 2.30 बजे को जिला साहेबगंज के स्टेशन चौक परिसर पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला दहन करना सुनिश्चित किया गया है। यह जानकारी प्रेस भी विज्ञप्ति जरी कर जिला अध्यक्ष झामुमो अरुण कुमार सिंह ने दी।

# गंगा किनारे बसा झारखंड का एक मात्र जिला साहिबगंज बाढ़ प्रभावित है: कंचन

बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री देने की मांग को लेकर धरना

संवाददाता

**साहिबगंज:**मुखिया संघ के तत्वाधान में शनिवार को सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष सदर प्रखंड के मुखिया, प्रमुख, उपप्रमुख, समिति व वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री देने की मांग को लेकर धरना दिया। अध्यक्षता संघ अध्यक्ष कंचन कुमार मंडल ने किया। इस दौरान मुखिया संघ के सह उपाध्यक्ष संतोष कुमार गोंड ने बताया कि गंगा किनारे बसा झारखंड का एक मात्र जिला साहिबगंज बाढ़ प्रभावित



है। प्रत्येक वर्ष जिला में बाढ़ से सदर प्रखंड, उधवा व राजमहल प्रखंड सबसे अधिक प्रभावित होता है। पड़ोसी राज्य में बाढ़ प्रभावित 19 जिलों में वहां की सरकार 7 हजार रुपये प्रति परिवार दे रही है। लेकिन यहां बाढ़ पीड़ितों को मुट्ठी भर दाल-चावल देकर ठगने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार को पूर्ण रूप से सदर प्रखंड को बाढ़ प्रभावित घोषित करना चाहिए। अन्यथा पीड़ित आंदोलन करते रहेंगे। यहां घर, परिवार व बच्चों को छोड़ कर धरना पर लोग बैठे हैं। इन्हें ना दवा मिली है, ना पानी की व्यवस्था है और ना ही इन्हें एक चुटकी अनाज मिला है। प्रशासन दावा कर रही है कि हमने सभी को राहत पहुंचाया है। जब प्रशासन ने पहुंचाया है तो जन प्रतिनिधि किस काम के लिए हैं। हम लोगों को एक पंचायत में 30 पैकेट ही चूड़ा दिया गया है। पिछली बार एक वार्ड में 30-35 पैकेट चूड़ा दिया गया था। प्रशासन मुखियाओं को पंचायत में अवहेलना करवाने का काम करवा रही है। पिछली बार की तरह राहत वितरण की व्यवस्था होनी चाहिए। धरना के उपरांत एक शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुखिया रूपा कुमारी, नीलम कुमारी, सुदामा मंडल, कविता कुमारी, लक्ष्मण मंडल, जयश्री देवी, बीबी असमा, नूर बानो, अर्चना देवी, कामरान अहमद, सुनील यादव, मोनी देवी, रेखा कुमारी, मनोज महतो, नरसिंह पासवान, शाह आलम, धनंजय मंडल, भोला यादव, छोटू कुमार, प्रकाश मंडल, सोनू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी

आदित्य धर के निर्देशन में बन रही रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। दमदार स्टारकास्ट से सजी इस फिल्म में रणवीर के साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और आर. माधवन अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। कुछ महीने पहले जारी किए गए फिल्म के पहले लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। फिलहाल लद्दाख की खूबसूरत वादियों में फिल्म की शूटिंग चल रही है। इस बीच बड़ी खबर यह है कि फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड की मंजूरी मिल गई है, यानी दर्शकों को अब जल्द ही इसका ट्रेलर देखने को मिलेगा। फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर हाल ही में सेंसर बोर्ड के सामने पेश किया गया था। सीबीएफसी ने ट्रेलर को यू/ए सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया है, जिससे इसकी रिलीज का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। बोर्ड की वेबसाइट के मुताबिक ट्रेलर की लंबाई 2 मिनट 42 सेकंड है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी आधिकारिक रिलीज डेट शेयर नहीं की है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि दर्शकों को यह ट्रेलर बहुत जल्द देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह के जन्मदिन 6 जुलाई को मेकर्स ने फिल्म 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक जारी किया था, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह और भी बढ़ा दिया। इसमें सभी कलाकारों का डैशिंग अवतार नजर आया, जबकि रणवीर सिंह और संजय दत्त के लुक ने खास तौर पर ध्यान खींचा। सेट से सामने आए कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। हर एक्टर की अपीयरेंस ने फैंस को चौंकाया है, जिससे फिल्म से जुड़ी उम्मीदें और ज्यादा बढ़ गई हैं। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर है, जो 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रणवीर सिंह एक सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ते दिखाई देंगे।





## अक्षय कुमार और सैफ अली खान की 'हैवान' की शूटिंग शुरू

90 के दशक में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय रही थी। इस दौरान दोनों ने साथ में कई सुपरहिट फिल्में दीं, जिनमें 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'तू चोर मैं सिपाही', 'दिल्लगी' और 'आरजू' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके बाद लंबे अंतराल के बाद साल 2008 में दोनों टशन में एक बार फिर साथ नजर आए थे। अब करीब 16 साल बाद अक्षय और सैफ एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ दिखने वाले हैं। उनकी नई फिल्म का नाम है 'हैवान', जिसका निर्देशन प्रियदर्शन जाधव कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग फिलहाल शुरू हो चुकी है। हाल ही में अक्षय कुमार ने सेट से एक वीडियो भी शेयर किया है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैवान' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है। इसी मौके पर अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह हाथ में 'हैवान' नाम लिखा क्लैपबोर्ड थामे नजर आ रहे हैं। वीडियो में अक्षय, सैफ अली खान और डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ मजाक-मस्ती और बातचीत करते भी दिखते हैं। वीडियो के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, ₹हम सब थोड़े शैतान होते हैं। कुछ संत होते हैं, तो कुछ अंदर से राक्षस। अपने पसंदीदा डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ फिल्म हैवान की शूटिंग शुरू कर रहा हूँ। 18 साल बाद सैफ के साथ काम करके बेहद खुश हूँ। चलिए, हैवानियत की शुरूआत करते हैं। फैन्स लंबे समय बाद अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी को फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में शेयर किए गए वीडियो में दोनों सितारे शूटिंग शुरू करने को लेकर काफी जोश में नजर आए। वहीं अक्षय कुमार की दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' भी रिलीज के लिए तैयार है। इस बार फिल्म में दर्शकों को डबल धमाका मिलेगा क्योंकि दोनों जॉली, अरशद वारसी और अक्षय कुमार, एक साथ नजर आएंगे। उनके साथ एक बार फिर सौरभ शुक्ला जज की भूमिका में लौट रहे हैं। फिल्म में अक्षय और अरशद की कॉमेडी जुगलबंदी दर्शकों को खूब हंसाने वाली है।

## 66 की उम्र में नीना गुप्ता का शॉर्ट्स लुक, ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने काम और जीवनशैली से यह साबित किया है कि उम्र महज एक अंक है। 66 साल की उम्र में भी नीना अपने कॉन्फिडेंस, स्टाइल और बिंदास अंदाज के लिए चर्चा में रहती हैं। लेकिन अक्सर उनका यह अंदाज उन्हें सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का शिकार भी बना देता है। हाल ही में एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब नीना ने अपने एयरपोर्ट लुक का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस वीडियो में नीना गुप्ता बेहद कैजुअल अंदाज में शॉर्ट्स और शर्ट पहने दिखाई दीं। जहां उनके कई प्रशंसकों ने उनके इस लुक की तारीफ की, वहीं कुछ यूजर्स ने उन पर निशाना साधते हुए भद्दे कमेंट्स भी किए। नीना ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, 'शॉर्ट्स वाली देसी लड़की।'

नीना ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया। उन्होंने लिखा, ₹चिंता मत करो। जो लोग इस तरह की बातें करते हैं, दरअसल वे खुद जलनखोर होते हैं कि उनकी बॉडी इतनी अच्छी नहीं है। इसलिए उनकी बातों पर ध्यान मत दो।₹ नीना का यह जवाब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैन्स उनके कॉन्फिडेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा कि नीना जैसी शख्सियतें ही साबित करती हैं कि सेल्फ-लव और आत्मविश्वास किसी भी उम्र में सबसे बड़ी खूबसूरती है। काम की बात करें तो नीना गुप्ता पिछली बार फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' में नजर आई थीं। इसमें उनकी जोड़ी अनुपम खेर के साथ बनी थी। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन नीना के अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने सराहा। आज नीना गुप्ता न सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में बल्कि एक प्रेरणा के रूप में भी देखी जाती हैं। उनकी हिम्मत और ट्रोल्स को बेबाकी से जवाब देने का अंदाज यह साबित करता है कि समाज चाहे जितना भी तंज कस ले, असली जीत उस इंसान की होती है जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना जानता है।

## 'जॉली एलएलबी 3' से पहले याद करें वो 5 धमाके, जिन्होंने कोर्टरूम को बना दिया था कॉमेडी का मैदान

'जॉली एलएलबी 3' रिलीज के बेहद करीब है और फैन्स के एक्साइटमेंट का लेवल आसमान छू रहा है। लेकिन नई जंग शुरू होने से पहले क्यों ना एक बार पुराने दोनों पार्ट्स को याद कर लिया जाए? ये फ्रैंचाइजी सिर्फ.कोर्टरूम ड्रामा नहीं रही, बल्कि इसमें ह्यूमर, सटायर और समाज की कड़वी सच्चाइयों का ऐसा तड़का लगा, जिसने इसे बॉलीवुड की सबसे अनोखी सीरीज बना दिया। तो चलिए देखते हैं वो 5 बातें, जिन्होंने जॉली एलएलबी को हमेशा के लिए यादगार बना दिया। सटायर + ह्यूमर का जबरदस्त कॉम्बिनेशन फ्रैंचाइजी की सबसे बड़ी यूएसपी रही है इसकी तीखी डायलॉगबाजी और पंचलाइन। कोर्टरूम के बीच छिड़ी बहसें जब मजाक में बदल जातीं, तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते। यहीं 'जॉली एलएलबी' ने साबित किया कि स्मार्ट कॉमेडी भी समाज की गहरी बातें कह सकती है। नाइंसाफी से जंग, हर हाल में चाहे 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी का जॉली बमन ईरानी जैसे दिग्गज वकील से भिड़े, या फिर 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार का जॉली निजी दुख झेलने के बाद भी न्याय की लड़ाई लड़े, दोनों कहानियों ने हमें असली अंडरडॉग हीरो दिया, जिसके लिए तालियाँ अपने आप बज उठीं। सौरभ शुक्ला का किरदार जज त्रिपाठी दोनों फिल्मों की रीढ़ की हड्डी रहा। उनका डेडपैन ह्यूमर, सटीक टाइमिंग और अफरा-तफरी के बीच संतुलन ने उन्हें दर्शकों का फेवरेट बना दिया। उनके कई सीन आज भी कल्ट स्टेटस पा चुके हैं। चौंकाने वाले ट्विस्ट, तगड़ी बहसें और अचानक से कॉमिक रिलीफ, इन फिल्मों ने कोर्टरूम को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया। ये वो सीन थे, जिन्हें देखकर हर किसी को लगा कि कोर्ट भी एंटरटेनमेंट का अखाड़ा बन सकता है। दो जॉली का आमना-सामना और अब बारी है 'जॉली एलएलबी 3' की सबसे बड़ी हाईलाइट की, पहली बार अरशद वारसी का जॉली त्यागी और अक्षय कुमार का जॉली मिश्रा आमने-सामने होंगे। दोनों की अलग सोच और अलग अंदाज, कोर्टरूम में सबसे बड़ा ड्रामा लेकर आएंगे।



## तलाक की अफवाहों के बीच एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए गोविंदा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि उनकी पत्नी सुनीता आहूजा से उनके रिश्ते बिगड़ गए हैं और दोनों तलाक लेने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उस वक्त गोविंदा के वकील ने साफ किया था कि तलाक की अर्जी जरूर दाखिल हुई थी, लेकिन मामला आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है। सुनीता ने भी इंटरव्यू में कहा था कि वह गोविंदा से अलग नहीं होंगी। लेकिन अब एक बार फिर उनकी शादी पर सवाल उठने लगे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुनीता आहूजा ने मुंबई के बांद्रा फेमिली कोर्ट में तलाक की नई अर्जी दाखिल की है। यह याचिका हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत दिसंबर 2024 में दायर की गई थी। इसमें सुनीता ने गोविंदा पर धोखा देने, अलग रहने और क्रूरता जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता हर सुनवाई में मौजूद रही हैं, लेकिन गोविंदा कई बार कोर्ट में पेश नहीं हुए। वह काउंसलिंग सेशंस से भी दूर रहे, जबकि अदालत ने दोनों को उसमें शामिल होने का निर्देश दिया था। यही कारण है कि तलाक की कार्यवाही अब गंभीर मोड़ लेती नजर आ रही है। इन अफवाहों और विवादों के बीच बीती रात गोविंदा एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। पूरी तरह सफेद पोशाक, ट्राउजर, जैकेट और कैजुअल टी-शर्ट में नजर आए एक्टर बेहद डैशिंग दिख रहे थे। उन्होंने डार्क एविएटर सनग्लासेस पहन रखे थे और क्लीन-शेव लुक में काफी स्मार्ट लगे। पैपराजी ने जैसे ही उन्हें कैमरे में कैद किया, गोविंदा ने हाथ हिलाकर और फ्लाइंग किस देकर सभी का अभिवादन किया। उनका यह अंदाज इस बात का संकेत था कि वे निजी जीवन की उथल-पुथल को खुद पर हावी नहीं होने दे रहे।

# मोहन बागान ने 2030 तक के लिए मुंबई सिटी से मेहताब सिंह के साथ किया करार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को घोषणा की कि मोहन बागान सुपर जायंट ने मुंबई सिटी एफसी से भारतीय डिफेंडर मेहताब सिंह के साथ पांच साल का करार कर लिया है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी मेडिकल जाँच पूरी कर ली है और शनिवार को टीम के प्रशिक्षण में शामिल होंगे। मेहताब ने मोहन बागान के साथ दो आईएसएल कप और शील्ड जीते हैं और सेंटर-बैक और राइट-बैक दोनों के रूप में खेल सकते हैं। उन्होंने मुंबई सिटी के लिए कोच डेस बकिंघम के नेतृत्व में एएफसी चैंपियंस लीग में भी



हिस्सा लिया है। मेहताब ने कहा, ₹हर खिलाड़ी मोहन बागान के लिए खेलने का सपना देखता है। मेरा भी यही सपना था और अब यह हकीकत बन गया है। यह टीम भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इसमें कई अच्छे विदेशी खिलाड़ी और भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। मेहताब ने एक बयान में कहा, ₹मैंने मुंबई सिटी के लिए एएफसी चैंपियंस लीग में खेला है और उनके साथ दो आईएसएल लीग और कप जीते हैं। मैं अपने नए क्लब में पहले दिन से ही इस अनुभव का इस्तेमाल करूँगा क्योंकि हम अपना पहला चैंपियंस लीग 2 मैच 16 सितंबर को खेलेंगे। मेहताब ने आगे कहा, ₹कोलकाता में फुटबॉल को लेकर उत्साह बिल्कुल अलग है और मोहन बागान के प्रशंसक देश में सबसे ज्यादा हैं। मैं उनके जुनून को जानता हूँ और डर्बी में उनकी भावनाओं से भी वाकिफ हूँ। अब मैं हरे और मेहरून रंग की जर्सी में जीतना चाहता हूँ और अपनी झोली में और ट्रॉफि याँ जोड़ने की उम्मीद करता हूँ।

# केनेडी सेंटर में होगा फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ड्रॉ : ट्रंप

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि वॉशिंगटन स्थित जॉन एफ. केनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ड्रॉ की मेजबानी करेगा। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, ह्लइस वर्ष 5 दिसंबर को 2026 फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ केनेडी सेंटर में आयोजित किया जाएगा।ह्व इस मौके पर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ट्रंप इस समय केनेडी सेंटर के 257 मिलियन डॉलर के नवीनीकरण कार्य की देखरेख कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह सेंटर अगले साल होने वाले अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह का प्रमुख आकर्षण



होगा। फीफा वर्ल्ड कप 2026 अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। यह पहला वर्ल्ड कप होगा जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। कनाडा में 13 मुकाबले होंगे, जिनमें से 10 ग्रुप स्टेज के होंगे और ये टोरंटो व वैंकूवर में बराबर बांटे जाएंगे। मैक्सिको को भी 13 मैचों की मेजबानी मिलेगी, जिनमें ग्रुप स्टेज के 10 मैच मेक्सिको सिटी, ग्वाडलजारा और मॉन्टेरी में होंगे। बाकी मुकाबले अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। फीफा ने इस भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन ने अमेरिका में अपने फील्ड ऑफिस मियामी और न्यूयॉर्क के ट्रंप टॉवर में स्थापित किए हैं।

# खेलों इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में सर्वाधिक 18 पदक जीत मप्र बना चैम्पियन

एजेंसी

**भोपाल :** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध डल झील में 21 से 23 अगस्त तक आयोजित प्रथम खेलों इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 शनिवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में मप्र राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा 10 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक अपने नाम कर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। पदक तालिका में मध्य प्रदेश 18 पदकों के साथ पहले स्थान पर, 10 पदक के साथ दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तृतीय स्थान पर 7 पदक जीतकर केरल रहा। डल झील पर आयोजित जल महोत्सव राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में मप्र राज्य वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने ने बालक और





बालिका वर्ग की रोमांचक और संघर्षपूर्ण स्पधाओं में अपना उच्चतम क्षमता और शारीरिक दक्षता, कौशल का रचनात्मकता के साथ श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मप्र के खिलाड़ियों ने अपने खेल का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुये छह स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 11 पदक अपने नाम कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

**पदक विजेता खिलाड़ी**

हितेश पुरुष वर्ग केनो स्लालम के-1 में स्वर्ण पदक, पल्लवी जगताप ने महिला वर्ग केनो स्लालम सी-1 में स्वर्ण पदक, शिखा चौहान ने महिला वर्ग केनो स्लालम के-1 में स्वर्ण पदक, ध्रुवराज ने पुरुष वर्ग केनो स्लालम सी-1 में स्वर्ण पदक, मनीषा दागी और जिज्ञासा रेंगर ने रोइंग के डबल स्कल ओपन वेट में स्वर्ण पदक, रुकमनी दांगी और संतोष ने रोइंग के महिला वर्ग डबल स्कल में स्वर्ण पदक, देवराज रावत और हर्ष प्रताप सिंह जाट ने रोइंग पुरूष वर्ग काक्सलेस पेयर में रजत पदक, वंशिका साहू और प्रियंका ने महिला वर्ग रोइंग के डबल स्कल ओपन वेट में कांस्य पदक, दीपिका दीमर और प्रगति शर्मा ने क्याकिंग केनोइंग के महिला वर्ग सी-2 500 मी. में रजत पदक, डाली विश्नोई, नीलू वर्मा, माध्वी जाट, रुकमनी डांगी ने क्याकिंग केनोइंग के महिला वर्ग के-4 500 मी. में कांस्य पदक तथा धीरज वर्मा, बंटू सेंधाव, हर्ष तोमर और अक्षय यादव ने रोइंग के पुरूष वर्ग काक्सलेस 4 इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया।

**खेल मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों को दी बधाई**

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेलों इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में मप्र वॉटर स्पोर्ट्स क्याकिंग केनोइंग अकादमी के सभी चैम्पियन खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की प्रशंसा की है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रदेश की चैम्पियन बेटियों द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर पदक जीतने को स्वर्णिम उपलब्धि बताया है। मंत्री सारंग ने प्रतियोगिता के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके द्वारा अर्जित खेल उपलब्धि के बल पर मध्यप्रदेश को चैम्पियन बनने पर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी है। खेल संचालक राकेश गुप्ता ने भी सभी पदक विजेता वाटर स्पोर्ट्स के क्याकिंग केनोइंग और रोइंग खिलाड़ियों को ओवर आल चैम्पियन बनने पर बधाई देते हुये ऐसे निरंतर अग्रसर होने की शुभकामनाऐं प्रेषित की है। उल्लेखनीय है कि खेलो इण्डिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल जो कि प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता है, जिसमें खेल रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग (पदकीय स्पर्धा) और वॉटर स्कींग, डेगन बोट, शिकारा स्प्रिंट (डेमो खेल) शामिल किये गये है। आयोजन में देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 600 खिलाड़ी प्रतिभागिता कर रहे थे।

# राजस्थान के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैलिकॉप्टर की तैनात, हादसों में तीन की मौत

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, जयपुर सहित कई जिलों में पिछले तीन दिन से रुक-रुक कर मूसलधार बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में 24 घंटे से जारी बरसात के कारण प्रमुख इलाके जलमग्न हो गए हैं। कई सड़कों पर ट्रैफिक ठप है और दोपहिया वाहन पानी में डूब गए हैं। हीरापुरा, भांकरोटा और सीकर रोड जैसे क्षेत्रों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोटा जिले के सुल्तानपुर में शनिवार रात मकान ढहने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के समय परिवार अपने घर में सो रहा था। डीडवाना के कोलिया गांव में भी मकान की दीवार गिरने से दो बाल मजदूरों की दबकर मौत हो गई। वहीं, उदयपुर के महाराणा भूपाल सिंह अस्पताल और एमबी हॉस्पिटल की नई ओपीडी तक में पानी भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ को भारी दिक्कत हुई।

हाड़ौती क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सेना और एयरफोर्स को राहत व बचाव कार्यों में लगाया गया है। एयरफोर्स का हेलिकॉप्टर ट्र-17 भी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया है। धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 8 मीटर ऊपर बह रही है, जिससे नदी किनारे के गांवों में



बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है।

सवाई माधोपुर जिले में भारी बारिश के चलते कई गांवों का संपर्क कट गया है। छोटी दुब्बी क्षेत्र में जलभराव और भूस्खलन के कारण मकानों को खतरा पैदा हो गया है। वहीं पांचोलास क्षेत्र में पुलिया बह जाने से आसपास की बस्तियां पूरी तरह अलग-थलग हो गई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी हालात चिंताजनक हैं। सीकर के फतेहपुर में निचले इलाकों में तीन फीट तक पानी भर गया और बस स्टैंड जलमग्न हो गया। अजमेर में नला बाजार बहाव की चपेट में आ गया, जबकि दौसा के बांदीकुई स्थित ऐतिहासिक चांद बावड़ी में वर्षों बाद झरने बह निकले। नागौर, करौली और शेखावाटी क्षेत्र में भी झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। बीते दो दिन में कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। दौसा में 130 मिमी, सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में 115 मिमी, चौथ का बरवाड़ा और वजीरपुर में 102-102 मिमी, टोंक के मालपुरा में 110 मिमी, अजमेर के सावर में 105 मिमी, जयपुर जिले के चौमूं में 102 मिमी और दूदू में 93 मिमी बारिश हुई। नागौर के मेड़ता सिटी में 82 मिमी और करौली के सपोटरा में 115 मिमी पानी बरसने से निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। तेज बारिश के चलते कई बांधों के गेट भी खोलने पड़े। करौली के पांचना बांध से 17,496 क्यूसेक, बीसलपुर बांध से 72,120 क्यूसेक, ईसरदा से 14,780 क्यूसेक, कालीसिंध से 8,161 क्यूसेक और कोटा बैराज से 12,344 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जयपुर के गोविंदगढ़ में अंडरपास डूब गया और विकास नगर क्षेत्र में जयपुर-रींगस अंडरपास की दीवार टूटने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ढोंढसर-नाडियावाली मार्ग पर मात्र तीन महीने पहले बनी सड़क पानी के तेज बहाव में बह गई, जिससे ग्रामीणों ने निर्माण में अनियमितताओं और विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा पर सक्रिय साइक्लोनिक सकुर्लेशन अब पूर्वी राजस्थान और दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर खिसक गया है। मानसून ट्रफ लाइन गंगानगर, चूरू, ग्वालियर, सतना और डालटनगंज से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसी कारण प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है और अगले 24 घंटे तक कई जिलों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।

### दौसा में 285 मिमी रिकॉर्ड बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक 285 मिमी वर्षा दौसा में रिकॉर्ड की गई। आज 24 अगस्त को भी जयपुर, भरतपुर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र के अलावा बीकानेर व अजमेर संभाग के कुछ भागों में भारी से अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। आगामी तीन से चार दिन तक राज्य में कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## मध्य प्रदेश में जमकर बरस रहा मानसून, ग्वालियर-श्योपुर समेत 16 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी है। शनिवार को शिवपुरी, डिंडौरी, शाजापुर समेत 20 जिलों में बारिश हुई। ऐसा ही मौसम रविवार को भी बना रहेगा। मौसम विभाग ने ग्वालियर-श्योपुर समेत 16 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) की वजह से मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अब तक औसत 34.2 इंच बारिश हो चुकी है। 2.8 इंच पानी और गिरते ही सीजन की बारिश का कोटा फुल हो जाएगा। गुना में औसत 52 इंच पानी गिर चुका है। वहीं, मंडला और अशोकनगर में आंकड़ा 50 इंच से ज्यादा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में उज्जैन संभाग के नीमच और मंदसौर में अति भारी बारिश का अनुमान जताया है। यहां साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, रतलाम, झाबुआ, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर और सिंगरौली में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बार बारिश के मामले में गुना सबसे आगे रहा। यहां औसत 52 इंच पानी गिर चुका है। मंडला-अशोकनगर में 50 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। वहीं, टीकमगढ़ में 47.3 इंच और निवाड़ी में 46.7 इंच बारिश हो चुकी है। प्रदेश में जब से मानसून एंटर हुआ, तब से पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में तेज बारिश हुई है। छतरपुर, मंडला, टीकमगढ़, उमरिया के अलावा ग्वालियर-चंबल में भी मानसून जमकर बरसा है। यहां के 8 जिलों में से 7 में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। इनमें ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, भिंड, मुरैना और श्योपुर शामिल हैं। दतिया में भी 92 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है। दूसरी ओर, इंदौर और उज्जैन संभाग में सिस्टम की एक्टिविटी कम देखने को मिलीं।



## 69 हजार शिक्षक भर्ती मामला: अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

एजेंसी

**लखनऊ :** एक बार फिर 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई न होने से अभ्यर्थी नाराज है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रही। यहां अभ्यर्थी केशव चाचा न्याय करो का नारा लगाकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने सभी को बस से धरना स्थल इको गार्डेन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाई कोर्ट का जो फैसला आया था सरकार ने उसे जानबूझ कर लटका दिया, जिससे यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सरकार के पास पर्याप्त समय था, वह हाईकोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन करके सबके साथ न्याय कर सकती थी। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर



आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीते 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली करती रही। पटेल ने कहा कि उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले के बाद दो सितम्बर को भी केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया था, तब उन्होंने त्वरित न्याय किए जाने की बात कही थी और हम अभ्यर्थियों से मुलाकात भी की थी। लेकिन उनकी बात को भी अधिकारियों ने नहीं माना। अब यह मामला माननीय सुप्रीम कोर्ट में चला गया। हम पिछड़े, दलित, गरीब अभ्यर्थी अधिकारियों और सरकार के इस रवैया से काफी हताश और परेशान हैं। जो काम कुछ दिनों में हो सकता था उसे इतना लंबा जानबूझकर टाल दिया गया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का त्वरित न्याय की टिप्पणी, खाने के दांत अलग और दिखाने के दांत अलग साबित हुआ। त्वरित न्याय की कोई सीमा होती है यह नहीं की महीनों मामला लटक रहे।

## गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

एजेंसी

**गुरुग्राम :** स्वच्छता की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम ने रविवार को अपने सेक्टर-34 कार्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर निगमायुक्त प्रदीप दहिया एवं अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छ गुरुग्राम का संदेश दिया। अभियान के दौरान निगमायुक्त और अन्य अधिकारियों ने एमसीजी कार्यालय के विभिन्न हिस्सों की सफाई की और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि साफ-सुथरे सार्वजनिक स्थल ही एक स्वच्छ शहर की पहचान होते हैं। स्वच्छता केवल एक सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। निगम की ओर से समय-समय पर विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े और आमजन इसमें सक्रिय भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने में योगदान दे, तो गुरुग्राम को देश के स्वच्छ शहरों में शुमार



किया जा सकता है। अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव ने भी उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता में अनुशासन और निरंतरता आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल साफ-सफाई करना है, बल्कि कर्मचारियों और नागरिकों में यह भावना जगाना भी है कि वे हर दिन अपने आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखें। इस अवसर पर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर यह संदेश दिया कि मिशन स्वच्छ गुरुग्राम तभी सफल होगा, जब हम सब मिलकर स्वच्छता को अपनी आदत बनाएंगे।

## कपड़ों के गोदाम में लगी आग

**देहरादून :** चकराता रोड स्थित एक कपड़ों के गोदाम में रविवार तड़के भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे आग ऊपर और नीचे की दुकानों तक नहीं पहुंच सकी। पुलिस के अनुसार आज सुबह 4:27 चकराता रोड के पास माउन्ट क्राफ्ट के कपड केओ गोदाम में आग लग गई है। गोदाम में रखे कपड़े, कपड़ों के थान आदि सामान धू-धू कर जलने लगे। सूचना पर पुलिस और फायर यूनिट तुरंत मौके पर पहुंच गई। गोदाम में लगी आग की विकरालता को देखते हुए फायर यूनिट के दो टीमों ने दोनों तरफ से ऑपरेशन शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। शमन विभाग के कर्मियों की सूझबूझ से आग दूसरी मंजिल के कपड़ों के गोदाम व नीचे की तीन दुकानों तक नही फैल पाई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, जांच की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन में लीडिंग फायरमैन संदीप यादव, ड्राइवर सुनील रावत, राकेश कुमार, सुदेश गिरि, दिवाकर, योगेश, प्रदीप सागर, शिवलाल, महिला फायरमैन संतोषी, शालिनी, विदुषी और कुंती की टीम शामिल रहीं।

# झांसी : बाबा नगर सेन मंदिर की 92 डेसिमिल जमीन के लिए विहिप ने कसी कमर

एजेंसी

**झांसी :** उत्तर प्रदेश में कभी समाजवादी पार्टी के ऊपर आरोप लगाये जाते थे कि सपा का यह नारा है खाली प्लॉट हमारा है। हालांकि यह नारा अब दूर-दूर तक सुनाई नहीं देता। प्रदेश में बुलडोजर बाबा की धमक ने इसे आम जनता के जेहन से दूर कर दिया है। इसके इतर महानगर के बीचो-बीच इस नारे से भी घातक स्थिति देखने को मिल रही है, जहां बाबा नगर सेन देव स्थल की तमाम जमीन होने के बावजूद उसकी छत पर भी लोगों ने कब्जा कर लिया है। आरोप है कि अब इस मंदिर के देवता की छत भी उनकी नहीं रही। यह सब तब देखने को मिल रहा है जब प्रदेश में बुलडोजर बाबा के सुशासन की बयार बह रही है। इस मामले



में विहिप समेत हिन्दू संगठन जल्द ही आंदोलन करने की तैयारी में हैं। नगर निगम परिसर में अब अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा बाबा नगर सेन मन्दिर परिसर अपनी बदहाली के लिए आंसू बहा रहा है। इस मंदिर का अब महज एक हॉल भर अवशेष के रूप में रह गया है। जबकि मंदिर की छत पर भी कब्जा हो गया है। यही नहीं साजिश के तहत मंदिर की मूर्तियों को भी धीरे-धीरे गायब कर दिया गया है। पुराने अभिलेखों की मानें तो, मंदिर के नाम से 92 डेसिमिल जमीन दशार्यी गई है, जो महज अब अभिलेखों में ही रह गई है। जमीनी हकीकत यह है कि मंदिर के देवता नगर सेन बाबा की छत भी अब उनकी नहीं रह गई है। आरोप है कि नेशनल हाफिज सिद्दकी कमेटी ने उस छत पर निर्माण कराते हुए क्लासरूम बना दिए हैं। उस पर इस ओर न तो किसी हिन्दू संगठन का ध्यान है और विवेकशील कहा जाने वाले प्रशासन व पुलिस विभाग का विवेक भी इस प्रकरण में शून्य नजर आ रहा है। हालांकि संघर्ष की अंतिम सांसें भरते हुए दलित आवास बचाओ संघर्ष समिति झांसी की छटपटाहट बीते दिनों सुनाई दी थी। इसका विरोध दर्ज कराते हुए एक बैठक वार्ड की सभाषद नीता विकास यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। वक्ताओं ने नगर सेन बाबा मन्दिर एवं उसकी जमीन पर अवैध तरीके से नेशनल हाफिज सिद्दकी कमेटी ने निर्माण कराकर कब्जा करने का आरोप लगाया था। बाबा नगर सेन मंदिर व उसकी जमीन पर कब्जे को वाल्मीकि समाज के समस्त संगठनों ने अपनी आस्था पर हमला होना बताया था। उन्होंने मंदिर को कब्जा मुक्त किये जाने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम भी दिया था। गौरतलब है कि नगर निगम परिसर में सैकड़ों वर्ष पुराने बाबा नगर सेन मंदिर का मामला तब सामने आया जब न्यायालय के आदेश पर हाल ही में पुलिस ने आदेश का हवाला देते हुए चंद रोज पहले 13 मकान खाली कराए। आनन फानन में कुछ एक मकानों को बुलडोजर मंगवाकर जमीदोंज करा दिया गया। जबकि न्यायालय की ओर से बुलडोजर चलाने जैसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया था। इसके बाद से सभी 13 परिवार सड़क पर आ गए। इसके साथ ही सड़क पर आ गया अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत बाबा नगर सेन मंदिर। बाद में यह भी संज्ञान में आया कि जो देवस्थल अपने छत को भी गंवा चुका है पुराने अभिलेखों में उसी स्थान पर मंदिर के नाम करीब 92 डेसिमिल जमीन दशार्यी जा रही है। आखिरकार इस भूमि को जमीन निगल गई या आसमान खा गया, यह कोई नहीं जानता। रामराज्य कहे जाने वाले इस दौर में आखिर अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन की नजर कब पड़ेगी इस आशा में मंदिर की गायब हुई मूर्तियां भी रहेंगी। इस संबंध में विहिप के विभाग संगठन मंत्री सोमेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला आया है। हाल ही में विश्व हिन्दू परिषद अपना 61वां स्थापना दिवस मना रहा है। 27 अगस्त के बाद इस मामले पर पूरी ताकत के साथ कार्य किया जाएगा। विहिप कार्यकर्ता भारी संख्या में जल्द ही मंदिर में अभिषेक व श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करने का कार्यक्रम तय करेंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दो गुटों में हुई चाकूबाजी, एक की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बाहरी-उत्तरी जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार देर शाम दो गुटों में हुई चाकूबाज की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपित फरार है, जिसकी तलाश जारी है। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त की शाम सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) शंकर गश्त पर थे। तभी उन्हें ए ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी बवाना में झगड़े और चाकूबाजी की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो पता चला कि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 29 वर्षीय नियाज को मृत घोषित कर दिया, जबकि 20 वर्षीय तोसिन और 34 वर्षीय निहाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) रेफर कर दिया गया। घटना के बाद नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने हत्या व हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान तोशिफ और अर्र के रूप में हुई है। पुलिस की शुरूआती पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि घटना आपसी रंजिश के चलते हुई। मृतक और आरोपितों के बीच पहले से विवाद चल रहा था।फिलहाल तीसरे आरोपित की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

### डायरिया से दो लोगों की मौत, उल्टी-दस्त के मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या

**खैरागढ़ :** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के खैरागढ़ में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटों में डायरिया से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिला समेत दो लोग शामिल है। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, हर दिन बड़ी संख्या में उल्टी-दस्त के मरीज अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से सिविल अस्पताल फुल हो चुका है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में महीनों से नालियां जाम हैं और गलियों में गंदगी पसरी हुई है। नलों से गंदा पानी आ रहा है। नगर पालिका को बार-बार शिकायतें की गई लेकिन कारवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों खैरागढ़ की विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की थी। उन्होंने सार्वजनिक रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया था। इधर सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. पंकज वैष्णव ने कहा कि डायरिया का मुख्य कारण दूषित पेयजल है।

### पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या

**दक्षिण 24 परगना :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग के तलड़ी ब्यारसिंह गांव में एक 24 वर्षीय व्यक्ति ने विवाहेतर संबंधों के शक में अपनी पत्नी की हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। उनकी शादी तीन साल पहले हुई थी, लेकिन पिछले एक साल से पति-पत्नी के बीच रिश्ते खराब चल रहे थे। इसे लेकर घर में आए दिन कलह रहती थी। इसी कलह के चलते पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। रविवार सुबह परिजनों ने घर से दो शव बरामद किए। नजीर मोल्ला घर मे फंदे से लटके हुए मिले। वहीं, उनकी पत्नी रिंकी मोल्ला का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। परिजनों ने दोनों को कैनिंग महकमा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कैनिंग थाना पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। हालांकि, इस घटना से इलाके में शोक की लहर छा गई है।

### नगर निगम हेरिटेज आयुक्त पटेल ने शहर की सफाई व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण

**जयपुर :** नगर निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को शहर की सफाई व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफाई व्यवस्था पर बारीकी से नजर डाली और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने ड्रेनेज पॉइंट्स को चेक कर वहां जालियां लगाने के आदेश दिए, ताकि कचरा बहकर ब्लॉकेज न करे। सुपर सकर मशीन से कचरा हटाने तथा खुले कचरा डिपो को समाप्त करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। मोती डूंगरी रोड पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आयुक्त ने गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रोड पेच वर्क, नालों पर फेरो कवर दुरुस्त करने और स्थाई ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश का पानी दिल्ली रोड जैसे मुख्य मार्गों पर जमा न हो। ब्रह्मपुरी नाला और जवाहर नगर कच्ची बस्ती क्षेत्र में मडपंप की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने सभी जोन उपायुक्तों और इंजीनियरिंग विंग को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन में मौके पर जाकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें और फील्ड में सक्रिय रहकर सफाई व जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित करें।

### रीवा में आज ग्राम स्वच्छता संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**रीवा :** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला आज रविवार को होटल विन्ध्या रिट्रीट रतहरा में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि कार्यशाला में यूनीसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता तथा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों को ग्राम स्वच्छता के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड से 20 आंगनवाडी कार्यकर्ता, 20 आशा कार्यकर्ता तथा 10 पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिभागियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### कठुआ में लगातार बारिश, दरियाओं का जलस्तर बढ़ा।

**जम्मू :** कठुआ जिले में लगातार भारी बारिश के कारण दरियाओं और नालों में जलस्तर बढ़ गया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पंजाब के बमियाल क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। बमियाल-पठानकोट को जाने वाला मार्ग पूरी तरह बह गया है जिससे यातायात बाधित हो गया है और लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### उज्जैन : महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन :** रविवार सुबह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबा महाकाल के दर्शन किये। मंदिर समिति ने आपका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि वे महाकाल बाबा के दर्शन कर अभिभूत हैं। यहां से मुझे सेवा की ऊर्जा मिली, जिसे में प्रेरणा मानकर महाराष्ट्र की जनता के बीच ले जाऊंगा।

नशे के खिलाफ एकजुट हुआ समाज, डीआईजी नौशाद आलम ने कहा-

# अभिभावक लें संकल्प, नशे का धंधा करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से आज इत्तिहाद-ए-अमन कमिटी गौसिया मोहल्ला पहाड़ी के नागरिकों ने मुलाकात की। इस दौरान नागरिकों ने समाज से नशे की लत को खत्म करने और इस पर विशेष ध्यान देने की मांग रखी।

डीआईजी नौशाद आलम ने इस पहल की सराहना करते हुए स्पष्ट कहा कि नशा सिर्फ कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि यह घर-परिवार और पूरे समाज को खोखला करने वाली सबसे बड़ी बुराई है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे सबसे पहले खुद संकल्प लें कि नशे से दूर रहेंगे और अपने बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।



डीआईजी ने साफ चेतावनी दी कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी मादक पदार्थों का अवैध क्रय-विक्रय हो रहा है, वहां पुलिस की पैनी नजर होगी। यदि कोई व्यक्ति ऐसे धंधे में पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई कार्यपालक दंडाधिकारी की मौजूदगी में की जाएगी।

उन्होंने दवा दुकानों को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि नशीली दवाएँ केवल डॉक्टर के पर्चे पर ही बेची जानी चाहिए। अगर कोई मेडिकल स्टोर बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाएँ बेचते पकड़ा गया, तो उस पर तुरंत और कड़ी कार्रवाई होगी। डीआईजी आलम ने कहा कि नशा एक ऐसा जाल है जो पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह इसके खिलाफ खड़ा हो। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस और प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और किसी भी सूरत में नशे का कारोबार फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। आज के युवा नौजवान देश के कर्णधार हैं। देश की देश का भविष्य इन पर है। इसलिए इस पर हम सभी को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम करना है।

# नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने अपनी कार्य प्रणाली से जिला और विभाग को दी गति

विनय मिश्रा

**रांची** के नगर आयुक्त सुशांत गौरव के योगदान देने के बाद से अब वैसे बकायेदारों की खोज और सुधि लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिनके पास भारी-भरकम और काफी समय से बकाया है। नगर आयुक्त के रूप में योगदान देने के पश्चात से ही रांची नगर निगम की व्यवस्था सुदृढ करने के लिए नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने प्रक्रिया तेज कर दी है और बकायेदारों की सूची भी जारी कर दी है।

गौरतलब हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री गौरव जहां भी पदस्थापित रहे हैं अपनी बेहतर कार्य प्रणाली से जिला और विभाग को भरपूर गति दी है। सुशांत गौरव सिमडेगा और गुमला के उपायुक्त रह चुके हैं इसके अलावे वे खेल निदेशक और उद्योग निदेशक भी रह चुके हैं। अब नगर आयुक्त के रूप में इनके बेहतर कार्य प्रणाली का ही यह परिणाम है कि रांची नगर निगम में भी सुविधाओं में इजाफा हुआ है जिसका श्रेय निश्चित तौर पर इनके बेहतर और उत्कृष्ट कार्य को जाता है।





## राहे पुलिस ने आरोपी के घर में चिपकाया इश्तेहार

**राहे :** थाना में दर्ज कांड संख्या 56/22 के आरोपी भोलाप्रसाद विश्वकर्मा, संतोष पाठक और मंतोष पाठक के घर में जाकर न्यायालय के आदेश पर थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई शैलेन्द्र टुडू के द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 56/22 के आरोपी भोलाप्रसाद विश्वकर्मा के घर कतरास बाजार,संतोष पाठक और मंतोष पाठक के घर डांगी गांव में जाकर इश्तेहार चिपकाया गया। इनपर भादवि 406/420/467/468,120 बी तहत मामला दर्ज है।

## करेले की खेती से सफलता की मिसाल बनीं सखी मंडल की दीदी




**दुमका:** जिले के सदर प्रखंड के कोदोखिचा गाँव की महिला किसान पूजा सोरेन ने अपनी मेहनत और सूरजमुखी आजीविका सखी मंडल के सहयोग से आधुनिक खेती में नई पहचान बनाई है। मंडल की सक्रिय सदस्य पूजा ने प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन लेकर सूक्ष्म टपक सिंचाई पद्धति से करेले की व्यावसायिक खेती शुरू की। पहले वह पारंपरिक खेती पर निर्भर थीं, जिससे सीमित आमदनी होती थी। लेकिन सखी मंडल के माध्यम से प्राप्त जानकारी और प्रोत्साहन ने उनकी राह बदल दी। टपक सिंचाई से पौधों को समय पर नमी और पोषण मिलने लगा, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हुआ। साथ ही, मंडल के सहयोग से पूजा ने बाजार से सीधे जुड़ाव किया और मध्यस्थों पर निर्भरता खत्म की। आज पूजा हर दो दिन में 80 किलो से 1 क्विंटल करेले की तुड़ाई कर रही हैं, जिसे 35 से 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बेच रही हैं। लगातार उत्पादन और अच्छे दामों से उनकी आमदनी लाखों रुपये तक पहुँच गई है। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर सखी मंडल की अन्य दीदियां भी आधुनिक सिंचाई और वैज्ञानिक खेती अपना रही हैं। पूजा सोरेन अब न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

# भारी बारिश से स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर उफान पर

सोनाहातू के महातीर्थ सतीघाट का गंगा मंदिर लगातार दूसरी बार जलमग्न होने के कगार पर

संवाददाता

**सोनाहातू:** पंच परगना क्षेत्र का पवित्र ऐतिहासिक महातीर्थ सतीघाट जो सोनाहातू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के पांडुडीह में बसा है। इस पवित्र ऐतिहासिक महातीर्थ सतीघाट, पांडुडीह के तट पर बसा गंगा मन्दिर आज जलमग्न होने के कगार पर है। बता दें कि इससे पहले 1 अगस्त 2023, 3 अगस्त 2024,17 अगस्त 2024 और 19 जून 2025 को गंगा मन्दिर डूबने के कगार पर था। लगातार दो दिनों से हो रहे भारी बारिश के कारण अचानक स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नदी उफान पर है। गंगा मंदिर के पुजारी अजय शुक्ला ने स्वर्णरेखा नदी के अंदर जाकर गंगा मन्दिर में पूजा अर्चना करने को लेकर शक्त मना कर दिया है। पुजारी ने सभी माँ गंगा के भक्तों से अपील की है कि जो भी भक्त पूजा करना चाहेंगे वो स्वर्णरेखा नदी के बाहर से ही माँ गंगा की पूजा अर्चना करें ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे। बता दें कि लगातार अगल बगल के गांव के लोग पवित्र स्वर्णरेखा नदी के कलकल करती इस मनोरम दृश्य को देखने के लिये आ रहे हैं और स्वर्णरेखा नदी के इस मनोरम दृश्य को अपने अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं।



## जनता दरबार के माध्यम से उप विकास आयुक्त ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान




संवाददाता


**देवघर:** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावा जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

# फाइलेरिया यानी हाथी पांव बहुत ही खतरनाक बीमारी है: डॉ. सुनील कुमार सिंह

संवाददाता

**दुमका:** फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत एमडीए-आईडीए कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा है. फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले के जरमुंडी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि फाइलेरिया यानी हाथीपांव एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है यह दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है यह बीमारी मादा संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है इसके परजीवी बिना किसी लक्षण के भी आपके शरीर में लंबे समय तक रह सकते हैं और संक्रमित व्यक्ति स्वस्थ दिखते हुए भी इस रोग को दूसरे लोगों तक फैला सकते हैं। इस बीमारी का इलाज तो नहीं लेकिन बचाव संभव है साल में एक बार एमडीए- आईडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है हमारे जिले में 10 से 25 अगस्त 2025 तक एमडीए-आईडीए अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील के द्वारा आम जनता से अनुरोध किया गया कि अभियान के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा खाएं एवं अपने परिवार के सभी लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करें याद रहे कि यह दवा 2 वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर बाकी सभी को यह दवा खानी है. स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा 25 अगस्त तक घर-घर जाकर यह दवा खिलाएगी। आप सभी उनके सामने ही यह दवा जरूर खाएं । इंचार्ज मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील ने कहा कि आपके सहयोग से और हमारे प्रयास से हमारा क्षेत्र फाइलेरिया मुक्त होगा।



# उप विकास आयुक्त ने की जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं की समीक्षा



**दुमका:** डीआरडीए सभागार, दुमका में शनिवार को उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति दुमका अनिकेत सचान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति सभी योजनाओं में रिम्स इंस्टॉलेशन कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। योजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत आईएमआईएस में हैंडओवर तथा त्रि पार्टी एग्रीमेंट के उपरांत में ही योजना का ओम पीरियड प्रारंम्भ होगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी अबुआ आवास तथा छुटे हुये लाभुकों का आईएमआईएस में स्वीकृति प्रदान करने का निदेश दिया गया। तथा प्रखंडवार ग्रामों की सूची तैयार कर ओद्फ प्लस का वेरिफिकेशन सभी कनीय अभियंता करना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 एवं 02 के कार्यपालक अभियंता, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक तथा सभी प्रखंड वॉश समन्वयक उपस्थित थे।

# मेडिकल छात्र की मौत के बाद छात्रों ने कॉलेज के गेट को 6 घंटे तक रखा जाम, प्रबंधन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**जमशेदपुर:** जिले में एक निजी मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने एमबीबीएस के एक छात्र की मौत को लेकर प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया और बीते शनिवार को परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बिहार के समस्तीपुर निवासी दिव्यांशु पांडे (21) यहां मेडिकल कॉलेज का छात्र था, जिसने 21 अगस्त को अपने छात्रावास में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। यह घटना पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह में घटी। छात्रों ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एंबुलेंस की व्यवस्था करने में देरी की। इसके साथ ही एक वरिष्ठ अधिकारी पर छात्रों को परेशान करने का आरोप भी लगाया। 6 घंटे तक छात्रों ने कॉलेज के गेट को जाम रखा और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने आरोप लगाया कि दिव्यांशु की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण उसकी जान चली गयी।

बिहार के समस्तीपुर निवासी दिव्यांशु पांडे (21) यहां मेडिकल कॉलेज का छात्र था, जिसने 21 अगस्त को अपने छात्रावास में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। यह घटना पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह में घटी। छात्रों ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एंबुलेंस की व्यवस्था करने में देरी की। इसके साथ ही एक वरिष्ठ अधिकारी पर छात्रों को परेशान करने का आरोप भी लगाया।

सिदगोड़ा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद छात्र के परिजन को सौंप दिया गया। कुमार ने कहा, छात्र कई वर्षों से अवसाद की दवाइयां ले रहा था और उसने छात्रावास में जहर खा लिया। छात्र प्रशासन पर छात्र के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था करने में देरी का आरोप लगा रहे थे और अन्य मुद्दे उठा रहे थे। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और छात्रों के बीच बातचीत के बाद, विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया है।'' छात्र मेडिकल कॉलेज में परिवहन संबंधी मामलों को देखने वाले सुमित झा और छात्र मामलों के एसोसिएट डीन के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## डंडे से पीट-पीटकर कर यूकेजी के छात्र के तोड़े हाथ और पैर,स्कूल की बात घर पर बताने पर टीचर ने गुस्से में पार कर दी हद

**लोहरदगा:** जिले में शिक्षिका ने छात्र को बेरहमी से इतना पीटा कि वह बुरी तरह से घायल हो गया। छात्र के पिता ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मामला जिले के भंडरा प्रखंड के पलमी में संचालित संत मेरी पब्लिक स्कूल का है। बताया जा रहा है कि प्रिंस उरांव नामक आठ वर्षीय बच्चा यूकेजी कक्षा में पढ़ता है। दोपहर के समय में स्कूल की शिक्षिका कांति किरण किंडो ने प्रिंस उरांव को अपने कार्यालय में बुलाया और स्कूल की बात स्वजनों को बताने की बात कहते हुए उसकी डंडे से बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। विद्यालय में घटित किसी भी घटना, खान-पान की शिकायत स्वजन या अन्य लोगों के पास नहीं कहने की भी कड़ी हिदायत दी।

शिक्षिका ने प्रिंस उरांव को इतना मारा कि उसका दाहिना पैर टूट गया और बांए हाथ की एक अंगुली भी टूट गई। घर पहुंचकर प्रिंस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद उसके पिता ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, मामले में संत मेरी पब्लिक स्कूल के निदेशक जय इशू मिंज ने कहा कि विद्यालय की शिक्षिका द्वारा इस तरह का कोई मारपीट की घटना नहीं हुई है। विद्यालय के शिक्षिका पर मारपीट का आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार है।